एजेंसी देना हैं
दैनिक जनसेवा समाचार
की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करे

MPHIN/2013/53952

दैनिक
# जनसेवा समाचार

आवश्यक्ता हैं
दैनिक जनसेवा समाचार
को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।

वर्ष-20 | अंक-126 | प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, शनिवार 17 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये

भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

# दुनिया ने देखा अब नए दौर का शक्तिशाली भारत: मुख्यमंत्री



- पूरा इंदौर शहर हुआ देश भक्ति से ओतप्रोत,तिरंगे से पटा मार्ग
- हर तरफ हुआ भारत माता की जय और वंदेमातरम् का उद्घोष
- समाज के हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग ने दिखाई राष्ट्रभक्ति

### अभी तो ये ट्रेलर है... पिक्चर अभी बाकी है : मोहन यादव

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय हथियारों खासकर ब्रम्होस मिसाइल के आगे पाकिस्तान सरेंडर हो गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर अपने नए-नए हथियारों का प्रयोग करके देख लिया, अभी तो यह ट्रेलर है पिक्चर पूरी बाकी है।

इंदौर (एजेंसी)

दुनिया को अब नए दौर का शक्तिशाली भारत दिखाई दे रहा है। भारत के नए दौर में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी तीनों सेना ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और वीरता से दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। भारतीय सेना ने दुश्मन को अल्प समय में ऐतिहासिक जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया ने हमारी ताकत, एकजुटता और अत्याधुनिक हथियारों का उपयोग देखा है।

यह बात शुक्रवार को इंदौर में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहीं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के मंसूबों को भी नाकाम किया गया है। कोई भी ताकत अब भारत को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। हम सब सेना को सम्मान देने के लिए इस यात्रा में एकत्रित हुए हैं। लगातार तिरंगा यात्राओं के माध्यम से सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। यह यात्रा जिला से लेकर पंचायत स्तर तक लगातार जारी रहेगी। उन्होंने इंदौर की तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बताया।

### चार दिन में ही अमेरिकी राष्ट्रपति को भी बदलने पड़े अपने सुर

मुख्यमंत्री ने मंच से सभी स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों को याद किया। उन्होंने ने कहा इस युद्ध में मिली जीत अभी तक मिली जीतों में सबसे तेज रही। हमारी सेना ने सभी को मार गिराया। सिंध नदी से भी हिसाब चुकता किया। पीएम नरेंद्र मोदी की रणनीति का असर तो यहीं से दिखता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो चार दिन पहले बोल रहे थे उन्हें भी अपने कहे को सुधारना पड़ा। पीएम की रणनीति और काम करने का यही तरीका है।

### पाकिस्तान के हथियार खिलौनों की तरह फूट रहे थे

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने तो अपनी लक्ष्मण रेखा यानी अंतरराष्ट्रीय सीमा पार ही नहीं की थी। भारतीय हथियारों के आगे पाकिस्तान नतमस्तक नजर आया। पाकिस्तान से आ रहे हथियार खिलौनों की तरह फूट रहे थे। एक भी निशाना नहीं लगा, सभी के सभी फुस्सी बम निकले। पूरा देश महफूज है।



### वीर सैनिकों के सम्मान में जोश

शुक्रवार को इंदौर में अपने शौर्य और पराक्रम से वीरता की अप्रतिम गाथा रचने वाले भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में अपार जोश और उल्लास के साथ निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यह तिरंगा यात्रा बड़ा गणपति से प्रारंभ हुई और गोराकुंड, खजुरी बाजार होते हुए ऐतिहासिक महत्व के राजबाड़ा पर सम्पन्न हुई। पूरी यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रथ में सवार थे और हर तरफ हाथ हिलाकर उन्होंने नागरिकों का अभिवादन किया। इस यात्रा के माध्यम से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया और पूरा आसमान भारत माता की जय तथा वंदेमातरम् के उदघोष से गुंजायमान रहा। यात्रा में बच्चों से लेकर वृद्धों तक हर आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी रही। यात्रा में हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग के लोग इस यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने अपने राष्ट्रप्रेम की झलक बिखरते हुए सेना के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित 10 दिनी उत्सव का होगा आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई जा रही है। यह संयोग है कि 20 मई को तिथि के अनुसार उनकी जयंती है और विवाह की वर्षगांठ भी है। साथ ही उनके ससुर मल्हारराव होलकर की पुण्यतिथि भी है। इसको देखते हुए 20 मई को इंदौर के राजवाड़ा में केबिनेट की बैठक आयोजित की जा रही है। इसी दिन से पूरे प्रदेश में 10 दिनी उत्सव का आयोजन भी शुरू किया जा रहा है। इसका समापन भोपाल में भव्य रूप से 31 मई को किया जाएगा। प्रदेश में 10 दिनी उत्सव के तहत जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ऐतिहासिक रही यह तिरंगा यात्रा

### महापुरुषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के प्रारंभ में बड़ा गणपति पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने तिरंगा यात्रा के समापन के पश्चात मां देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।




### झलकियां

- बड़ा गणपति से राजवाड़ा हुआ तिरंगामय
- मुख्यमंत्री के रथ के आगे एनसीसी कैडेट्स व एसएफ का बैंड चल रहा था
- छोटे-छोटे बच्चे भारत माता और सेना के जवानों की वेशभूषा में नजर आए
- बड़ा गणपति से लेकर राजवाड़ा तक सैकड़ों छोटे-बड़े मंच लगाए गए थे, जहां यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ।
- यात्रा में सिंधी समाज, सिख समाज, बोहरा समाज, मुस्लिम समाज के भी बड़े दल शामिल हुए।
- बोहरा समाज के तीन बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।
- साथ ही मराठी समाज, अग्रवाल समाज, कुमावत समाज, रजक समाज, अहिरवार समाज, माहेश्वरी समाज के लोग भी शामिल हुए।
- तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में अश्व भी शामिल रहे। कई समाजों की देशभक्ति से प्रेरित कई झांकियां भी शामिल रही। दो घंटे से भी ज्यादा समय तक तिरंगा यात्रा शहर में घूमी।
- भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के रूप में एक युवती तैयार होकर घोड़े पर सवार हुई।
- महाराष्ट्रीयन समाज के लोग भजन मंडली के साथ महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में शामिल हुए।
- कई कॉलेज और स्कूलों के छात्र, स्टाफ, व कोचिंग क्लास के विद्यार्थी भी पहुंचे।
- ओलंपिक संगठन, कुश्ती संगठन, फुटबॉल संगठन के खिलाड़ी भी यात्रा में पहुंचे।
- व्यापारिक संगठन के लोगों ने कई जगह मंच लगाए और अपने बैनर पोस्टरों के साथ यात्रा में शामिल हुए।
- संतों ने गदा, शहरकाजी ने भारत माता की तस्वीर भेंट की
- मुख्यमंत्री ने कहा इन्दौर में जो होता हैं वह हटके होता हैं
- बड़ागणपति स्थित लगे मंच पर महामंडलेश्वर राधे-राधे बाबा, रामगोपाल दास महाराज, अण्णा महाराज, रामचरणदास महाराज, डॉक्टर चेतन्य स्वरूप महाराज, शहरकाजी इशरत अली सहित सर्वधर्म समाज के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नारी शक्ति सोफिया और व्योमिका के पोस्टर लेकर चले

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने हाथों में ब्रम्होस मिसाइल और कर्नल सोफिया कुरैशी व व्योमिका सिंह के पोस्टर थे। यात्रा में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले इंदौर के सुशील नाथनियाल की पत्नी जेनिफर समेत उनके परिवार के अन्य लोग भी शामिल हुए। उन्हें भी सेना की टोपी पहनाई गई। साथ ही नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी तथा कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, विधायकगण रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, मनोज पटेल, सुमित मिश्रा तथा श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ थे।

ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी कर घिरे जगदीश देवड़ा

## एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान कहा, सेना पीएम के चरणों में नतमस्तक

### विवाद बढ़ा तो दी सफाई, मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया

**जबलपुर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी और कहा, 'मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है।' इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। वहीं, भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी विवादित बयान दिया है। उन्होंने आतंकियों को अपना कहकर संबोधित किया और कहा कि भारतीय सेना ने पाक के जो 'हमारे' आतंकवादी हैं। उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। एक कार्यक्रम में उनकी जुबान फिसल गई।



### डिप्टी सीएम देवड़ा का पूरा बयान

'मन में बहुत क्रोध था। लोग पर्यटक के रूप में घूमने गए थे। वहां धर्म पूछ-पूछकर और महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके उनके सामने पति को गोली मारी। बच्चों के सामने गोली मारी। उस दिन से दिमाग में बहुत तनाव था। जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा और जिन माताओं के सिंदूर को मिटाने का काम जिन आतंकवादियों ने किया और आतंकवादियों को जिन्होंने पाला, जो पाल रहे हैं उनको नेस्तनाबूद नहीं कर देंगे, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे।...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए, एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए।

### कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी : मंत्री की याचिका पर 19 मई को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश के मंत्री एवं भाजपा नेता विजय शाह की याचिका पर सुनवाई 19 मई के लिए सूचीबद्ध कर दी। पुलिस ने कर्नल सोफिया कुरैशी को निशाना बनाकर की गई टिप्पणी के लिए शाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शाह की याचिका पर सुनवाई उनके वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के अनुरोध पर स्थगित कर दी।

## प्रदेश के कई जिलों में बारिश, फरीदाबाद में आंधी से पेड़ और बिजली के पोल गिरे

### मकान का शीशा गिरने से युवक की मौत झुग्गी गिरने से महिला और युवक घायल

प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम बदल गया। इसके कारण बारिश हुई व आंधी चली। पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, यमुनानगर नूंह और कैथल में तेज हवा के साथ बारिश हुई। फरीदाबाद में आंधी, तूफान और बरसात ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया। ओल्ड फरीदाबाद में एक मकान पर लगा शीशा गिरने से कार से सामान निकाल रहे एक युवक की मौत हो गई, जबकि बिजली का पोल गिरने से सड़क किनारे झुग्गी में रही महिला और युवक घायल हो गए। एक अनुमान के मुताबिक शहर में करीब 200 से ज्यादा पेड़, सैकड़ों बिजली के पोल गिर गए। साथ ही जिसके चलते पूरे शहर में बिजली और यातायात व्यवस्था ठप हो गई।



### मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया
### अगले 3 दिन तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश संभव

#### मौसम विभाग का कहना

मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल में आकाशीय बिजली, 40-60 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान था। जींद, कैथल, करनाल, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, झज्जर, रेवाड़ी, फरीदाबाद में येलो अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिन तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इससे गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

### अर्धसैनिक बल के लिए सर्वोत्तम शारीरिक स्वास्थ्य जरूरत है, न कि प्राथमिकता

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सिविल नौकरी और अर्धसैनिक बलों की नौकरी के बीच अंतर करते हुए कहा कि बलों के कर्मियों का शारीरिक स्वास्थ्य सर्वोत्तम होना जरूरी है, जो न केवल एक प्राथमिकता है, बल्कि परिचालनगत प्रभावशीलता और सुरक्षा के लिए जरूरी है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने आईटीबीपी द्वारा एक अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से 'अयोग्य' घोषित करने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। अभ्यर्थी के पास केवल एक वृषण (टेस्टिस) था, इसलिए उसे शारीरिक रूप से अयोग्य करार दिया गया था।

**दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

### काला हिरण शिकार केस : सैफ अली, नीलम, तब्बू, सोनाली की मुश्किलें बढ़ीं

**जोधपुर (भाषा)।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में काले हिरण के शिकार मामले में लीव-टू-अपील पर सुनवाई हुई। इसमें एक्टर सैफ अली खान, एक्ट्रेस तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। इस मामले की सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी। मामले के अनुसार 1 अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था।

**हाईकोर्ट पहुंची सरकार, बरी करने को दी चुनौती**

### स्वामी रामभद्राचार्य और गुलजार को मिला 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। स्वामी रामभद्राचार्य को साहित्य में उनके योगदान के लिए 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके अलावा गीतकार गुलजार को भी 2023 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। हिंदी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को 2024 के लिए 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### कृषकों के लिए सलाह मिट्टी के परीक्षण कराकर ही करें बुवाई

**बैढ़न।** सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग एच एल निमोरिया ने कृषकों को ख़रीफ़ मौसम की तैयारियों के संबंध में सलाह देते हुए कहा है कि मिट्टी के परीक्षण कराकर ही फसल की बुवाई करें । उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण मिट्टी की गुणवत्ता और स्वास्थ्य को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण औजार है। यह हमें मिट्टी की सेहत का आकलन करने और सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने में मदद करता है। मिट्टी के स्वास्थ्य का निर्धारण करने के लिए पोषक तत्वों के स्तर, पीएच और संदूषकों का आकलन करना आवयश्क है । प्रदूषकों की पहचान कर ,भारी धातुओं, कीटनाशकों और अन्य प्रदूषकों की उपस्थिति का पता लगाना ,उर्वरक उपयोग को अनुकूलित कर पोषक तत्वों की आवश्यकताओं का निर्धारण करना, अत्यधिक उर्वरक अनुप्रयोग को कम करने जैसे प्रयासों से आप मृदा संरक्षण, कीट प्रबंधन कर , पर्यावरणीय समस्याओं से अपने खेतों की मिट्टी की स्वास्थ्य को सुरक्षित कर सकते हैं। अच्छी फसल एवं उपज के लिए कृषक बंधु मिट्टी के परीक्षण कराएं एवं विशेष जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में अच्छे फसल के उत्पादन में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### नि:शुल्क राशन के लिए ई-केवाईसी करना अनिवार्य

**बैढ़न।** शासन द्वारा निन्शुल्क राशन के लिए ई–केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया है। जिले में ई–केवाईसी नहीं होने पर हितग्राही निन्शुल्क राशन से वंचित हो सकते हैं। ई–केवाईसी में बुजुर्गों और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के फिंगर प्रिंट मिलान में समस्या आ रही थी जिसके कारण उनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के निराकरण के लिए शासन द्वारा मोबाइल एप तैयार किया गया है जो चेहरे को स्क्रीन कर ई–केवाईसी अपडेशन करेगी। कोई भी हितग्राही खुद भी इस ऐप को डाउनलोड कर अपडेशन कर सकता है। जिला आपूर्ति अधिकारी सिंगरौली ने जिले के सभी नि:शुल्क राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से अनुरोध किया है कि अपना ई–केवाईसी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं।

### नगर परिषद चुरहट में शुरू की गई नि:शुल्क प्याऊ सेवा



**चुरहट।** नगर परिषद चुरहट ने यात्रियों और आम जनता के लिए निन्शुल्क प्याऊ सेवा शुरू की है। इस सेवा के तहत नगर परिषद अध्यक्ष मोनिका गुप्ता के निर्देशन में शहर के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क प्याऊ खोले गए हैं। निन्शुल्क प्याऊ के स्थान में थाना तिराहा के पास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट, पुराना बस स्टैंड, बिछी रोड टैक्सी स्टैंड, तहसील मुख्यालय, न्यू इंदिरा गांधी बस स्टैंड शामिल हैं। नगर परिषद अध्यक्ष मोनिका गुप्ता और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावतार पटेल अपने पार्षदों और कर्मचारियों के साथ नियमित रूप से निन्शुल्क प्याऊ की निगरानी करते हैं। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्रियों और आम जनता को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो। निन्शुल्क प्याऊ सेवा से यात्रियों और आम जनता को बड़ी राहत मिली है। अब वे गर्मी के मौसम में बिना किसी परेशानी के स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्राप्त कर सकते हैं। नगर परिषद चुरहट की यह पहल शहर के विकास और यात्रियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य के स्तर में भी सुधार होगा।







# आपरेशन सिन्दूर को सफल बनाकर विन्ध्य के दो सपूतो ने देश का मान बढ़ाया : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने लाडली बहना योजना की 1551.89 करोड़ की राशि की जारी, मुख्यमंत्री ने सीधी विधानसभा को दी 112.86 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात

सीधी ( नि.प्र. )

आपरेशन सिन्दूर में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने बता दिया कि सिन्दूर का महत्व क्या होता है। हमारी सेना के पराक्रम से पाकिस्तान की 4 दिन में ही कमर टूट गई। विन्ध्य के दो सपूतो थल सेना अध्यक्ष और जल सेना अध्यक्ष के साहस और पराक्रम ने विन्ध्य ही नहीं पूरे देश का मान ब?ाया है। इन पर हमें गर्व है। आंतकवादियों ने कश्मीर पर असहाय पर्यटकों की हत्या की उन्हे हमने सही सबक सिखाया। हमें जो छेडता है हम उसे छोडते नहीं है। आपरेशन सिन्दूर की सफलता को प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाल कर सम्मान दिया जा रहा है। उक्त बाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी में आयोजित विशाल आमसभा में संबोधित करते हुए कही वही समारोह में सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का विन्ध्य से गहरा नाता है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लोकसभा की सभी सीटों पर हमने जीत हासिल की। समारोह में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने सीधी विधानसभा क्षेत्र को 112 करो? रूपये के निर्माण कार्यों की सौगात देकर इसके विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री जी के आर्शिवाद से सीधी का चौमुखी विकास होगा। विधायक सीधी ने जिला अस्पताल को एक हजार बेड का बनाने, डॉक्टरो की पदस्थापना, इन्जीनियरिंग तथा एग्रीकल्चर कॉलेज खोलने एवं सीधी में सीवरेज लाइन और स्पोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण की मांग रखी। उन्होने सेमरिया को नगर परिषद बनाने सीधी में रिंग रोड निर्माण, गौ अभ्यरण बनाने, सेमरिया तहसील भवन निर्माण तथा गोपालदास बाध रेस्टहाउस को रिसार्ट बनाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी में आयोजित विशाल आमसभा में ला?ली बहना योजना की 24वीं किस्त के रूप में 1 करो? 27 लाख हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक से 1551.89 करोड़ रूपये की राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में नारियों के सम्मान की प्राचीन काल से परम्परा है ला?ली बहना योजना हमारी बहनों को हर महीने रक्षाबंधन मनाने का अवसर देती है। हमने चुनाव के समय जो बादा बहनो से किया था उसे लगातार निभा रहें है। हम भगवान राम की संस्कृति को मानने वाले हैं जो वचन देते हैं उसे प्राण देकर भी निभाते हैं। ला?ली बहना को सम्मान देकर पूरा प्रदेश गौरवान्वित होता है।

### 112 करोड़ के 84 निर्माण कार्यों का लोकार्पण

समारोह मे मुख्यमंत्री ने सीधी विधानसभा क्षेत्र में 112 करोड़ 86 लाख 91 हजार रूपये के 84 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा योजना के 56 लाख 83 हजार हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के 26 लाख हितग्राहियों को गैस रिफिल अनुदान के रूप में 30 करोड़ 83 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी की। मुख्यमंत्री ने पुष्प वर्षा करके ला?ली बहना हितग्राहियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने देश को भारत माता और धरती को भी माता कहते हैं हमारे देवताओं के नाम के आगे देवीओं के नाम रख कर गौरव दिया जाता है। हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को विकास के पूरे अवसर दिये जा रहें है। अबतक लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को 28 हजार करोड़ रूपये दिये जा चुके हैं। किसानों से हमने 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेंहू खरीदा तथा किसानों को किसान सम्मान निधि प्रदान कर रहें हैं। 2003 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11200 रूपये थी जो 1 लाख 52 हजार रूपये हो गई है। सीधी पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी का परम्परागत आदिवासी शैला एवं कर्मा लोकनृत्य से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागो की प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्वयं लड्डू खरीदकर खाये। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में मैरिट सूची मे आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

समारोह में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, पूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश पाण्डेय, श्री के.के. पाण्डेय, सुभाष सिंह, इन्द्रशरण सिंह तथा ब?ी संख्या में जनप्रतिनिधि और हजारो आमजन उपस्थित रहें। समारोह में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### विधायक सिहावल ने रखी प्रमुख मांगें

मुख्यमंत्री में मड़रिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक द्वारा कई मांग रखी गई। जिसमें मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिए है कि जल्द ही विधायक की मांग पर विचार किया जाएगा। जिसमें कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र में एक सीमेंट फैक्ट्री भी शुरू करने का भी आश्वासन मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है। वहीं अन्य मांगों के तहत विधायक द्वारा अन्य मांगों के तहत बहरी में महाविद्यालय एवं बहरी, अमिलिया, सिहावल तथा देवसर में नगर पंचायत की स्वीकृति कराने तथा बहरी एवं देवसर में सिविल अस्पताल चालू कराने के साथ जेठुला एवं कुसेड़ा के बीच गोपद नदी में पुल निर्माण सहित अन्य मांगें रखी गई हैं। विधायक की इन मांगों को प्राथमिकता के साथ ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा जल्द ही इस मामले में पहल की जाएगी।

## एसडीओपी मनीष त्रिपाठी को मातृ शोक

सीधी ( नि.प्र. ) अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के पद पर जबलपुर जिले में पदस्थ मनीष त्रिपाठी को मातृ शोक का आघात लगा है। श्री त्रिपाठी सिंगरौली जिले समेत जबलपुर, बालाघाट तथा अन्य जिलों में थाना प्रभारी रह चुके हैं। वर्तमान में वे एसडीओपी के पद पर जबलपुर में अपनी सेवा दे रहे हैं। मनीष त्रिपाठी की माता स्व. मिथिलेश त्रिपाठी ने 70 वर्ष की आयु में बुधवार को दिन में 11 बजे अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ वे चल रही थीं।उनका उपचार रीवा मेडिकल कालेज में चल रहा था। उनके निधन की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिसकर्मी एवं करीबी लोगों फोन कर संवेदना व्यक्त की है। माता जी के निधन की जानकारी मिलते ही मनीष त्रिपाठी जबलपुर से रीवा पहुँच गए। गुरुवार को प्रात- रीवा में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार जनों के संबल हेतु यहाँ भी उनके करीबियों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।



## किताबी ज्ञान ही नहीं बच्चों का चतुर्दिक विकास जरूरी : जैन

### गणेश स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

सीधी ( नि.प्र. )

स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों ने प्रशिक्षकों द्वारा सिखाई गई कलाओं का मंच पर प्रर्दशन करते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमे नृत्य, समूह गान, गिटार, मार्शल आर्ट, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा अन्य गतिविधियों को शामिल किया गया था। इस विशेष आयोजन ने न सिर्फ छात्रों के गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाया, बल्कि उन्हें रचनात्मकता, टीमवर्क और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश सोनू जैन, विशिष्ट अतिथि गणेश ग्रुप के डायरेक्टर नीरज शर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा ने संयुक्त रूप से श्री गणेश व माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समर कैंप प्रभारी अवतार कृष्ण द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए विगत 15 दिवस में बच्चों द्वारा किए गए कार्यों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश सोनू जैन ने अपने वक्तव्य में बच्चों को बहुआयामी बनने के साथ-साथ अनेक प्रेरक प्रसंगों के द्वारा बड़ी से बड़ी कठिनाइयों में हार ना मानकर जीतने का संदेश दिया। कहा, बच्चों में किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि उनका चतुर्दिक विकास होना चाहिए। इससे छात्रों को जीवन में आने वाली कठिनाई से निपटने में आसानी होती है। विद्यालय संचालक नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावको को सम्बोधित करते हुए कहा कि समर कैंप का यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए आनंद का स्रोत बना, बल्कि उनमें नेतृत्व, सहयोग, रचनात्मकता और अनुशासन की भावना को भी सशक्त किया।




## कैबिनेट मंत्री का सिंगरौली जिले में आगमन आज

सीधी ( नि.प्र. )

प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का सिंगरौली जिले में आगमन 16 मई को होगा कैबिनेट मंत्री श्री पटेल जल गंगा संवाद एवं पंच सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जारी कार्यक्रम के तहत मंत्री श्री पटेल 16 मई को प्रातः 8-2 0 सिविल लाइन प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल से राजा भोज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भोपाल पहुंचेंगे एवं 9 बजे फ्लाइट से प्रस्थान करेंगे एवं 10:30 बजे हवाईपट्टी सिंगरौलिया आगमन होगा । एवं सूर्य भवन के लिए प्रस्थान करेंगे । दोपहर 1:10 बजे ग्राम पिडारवा ग्राम पंचायत तेंदुहा में कंचन नदी उद्गम स्थल का पूजन एवं भ्रमण तथा 1-30 बजे ग्राम पिडारवा से प्रस्थान कर। मंत्री श्री पटेल का 1:50 बजे ग्राम गड़हरा आगमन होगा एवं कंचन नदी पर बने केबिन सह मिशनरी संरचना का निरीक्षण के साथ साथ ग्रामीण जनों से संवाद करेंगे। दोपहर 14:10 बजे ग्राम गड़हरा से प्रस्थान कर14:30 बजे राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित कार्यक्रम जल गंगा संवाद एवं पंच सरपंच सम्मेलन में शिरकत करेंगे। वहीं 16-00 बजे राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम बैढ़न से प्रस्थान कर 16-20 बजे सूर्य भवन जिला सिंगरौली आगमन होगा।



## दो गुमशुदा नाबालिक किशोरियों को पुलिस ने ढूंढ़कर किया परिजनों को सुपुर्द

सीधी ( नि.प्र. )

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरी. दिव्य प्रकाश त्रिपाठी तथा व थाना प्रभारी कमर्जी उप निरी. पवन सिंह के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने 2 गुमशुदा नाबालिक किशोरियों को ढूंढ़कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। जिसमें थाना जमोड़ी मे एक परिजन ने 30 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट किया था कि उनकी नाबालिक बेटी घर से गायब है आस पड़ोस एवं नात रिश्तेदारी मे तलाश की जिसका कोई पता नही चला। रिपोर्ट पर मामला कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया एवं थाना प्रभारी जमो?ी द्वारा किशोरी के पता तलाश हेतु विशेष टीम का गठन किया गया जो पुलिस टीम नें व्यावसायिक तथा तकनिकी दक्षता का इस्तेमाल करके किशोरी दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया है। समस्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उप निरी. दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि. गोविन्दलाल, प्रआर् लल्लू विश्वकर्मा , महिला प्रआर. किरण मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी क्रम में, कमर्जी पुलिस नें लापता हुई युवती को महज 08 घंटो मे ढूंढ़कर मिर्जापुर से दस्तयाब कर थाना लाई। जिसमे एक परिजन नें रिपोर्ट किया था कि उनकी नाबालिक बच्ची उपचार करवाने जिला अस्पताल सीधी गई थी उसके बाद घर नहीं आई, रिश्तेदारी तथा आस पड़ोस मे भी कही कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

**बयान** — कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल को प्रशासन ने मुख्यमंत्री से मिलने से रोका

## सीधी जिले के साथ सौतेलापन कर रही भाजपा सरकार : ज्ञान

सीधी ( नि.प्र. )

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल जिले के विकास से संबंधित मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलना चाहता था लेकिन प्रशासन ने उन्हें कांग्रेस भवन से निकलने ही नहीं दिया भारी मात्रा में पुलिस बल ने कांग्रेस पदाधिकारियों को कांग्रेस भवन में ही रोक रखा जब तक की मुख्यमंत्री जिले से चले नहीं गए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने उक्त घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीधी जिले में पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मिलकर सीधी जिले की विभिन्न समस्याओं एवं अवरुद्ध पड़े विकास कार्यों के संबंध में मांग पत्र के माध्यम से अपनी बात रखना चाहता था,जिसके लिए प्रशासन से आवेदन के माध्यम से मिलने हेतु समय मांगा गया था किन्तु समय न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है स्पष्ट है की प्रदेश की भाजपा सरकार सीधी के साथ सौतेलापन कर रही है सीधी के विकास की बात सुनने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास समय नहीं है उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव ज्ञापन और धरना प्रदर्शन आंदोलन के माध्यम से जिले के विकास के लिए आम जनता की आवाज बुलंद करती आई है लेकिन भाजपा सरकार सीधी के साथ दोहरा रवैया अपना रही है जिलाध्यक्ष ज्ञान ने आगे कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की बात सुनना सत्तापक्ष की नैतिक जवाबदारी है लेकिन जिस तरीके से हिटलर शाही अपना कर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को रोका गया वह दुर्भाग्यपूर्ण है विपक्ष की आवाज दबाने का भाजपा सरकार का यह प्रयास लोकतंत्र के लिए घातक है भाजपा लोकतंत्र और संविधान को मानती ही नहीं है कांग्रेस पार्टी सीधी के विकास की लड़ाई लड़ती आई है और लड़ती रहेगी। सीधी जिले की आवाज सुनने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधियों और प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास समय न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह महिला प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह महामंत्री नवीन सिंह उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू उपाध्यक्ष दिनेश पाठक महामंत्री भूपेंद्र सिंह महामंत्री भूपेंद्र सिंह नन्हे कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह सेवादल अध्यक्ष अरविंद सिंह रोशन ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद तिवारी संकट महिला नेत्री कृतिमा सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष सानेंद्र सिंह ऋषभ सिंह प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विकास साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### पवेलियन हाल में विश्वविद्यालय स्थापना की मांग गूंजी

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सीधी आगमन पर विश्वविद्यालय स्थापना की बात को लेकर छात्र संगठन सीधी विधायक माननीया रीति पाठक के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा गया। छात्रों ने पवेलियन हाल में मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय मांग का बैनर दिखाया गया और सीधी मांगे विश्वविद्यालय का नारा भी लगाया गया।नारा लगाते ही पुलिस अधिकारीयों का छात्र छात्राओं के पास पहुंचकर चारों तरफ घेरा लगा लिए। बताते चलें कि छात्रों द्वारा सीधी सांसद राजेश मिश्रा को विश्वविद्यालय मांग के लिए पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था और उन्होंने इस मांग को लोकसभा के शून्यकाल में रखा था।छात्रों की यह मांग पिछले 5-6 वर्षों से लगातार चली आ रही है साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से बात रख रहें हैं। छात्रों को जिला अधिवक्ता संघ सीधी एवं शिक्षक संघ समेत कई संगठनों का समर्थन प्राप्त है।छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे छात्र इन्द्रलाल पटेल ने कहा कि जब तक विश्वविद्यालय स्थापित नहीं हो जाएगा संघर्ष जारी रहेगा।

## अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जप्त

सीधी ( नि.प्र. )

पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कमर्जी उप निरी पवन सिंह के नेतृत्व मे कमर्जी पुलिस नें अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वाले चालक व वाहन स्वामी पर मामला दर्ज करते हुए परिवहन मे प्रयुक्त ट्रैक्टर मय रेत जप्त किया है।

थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सोनालिका कम्पनी का ट्रेक्टर सोननदी भितरी घाट में रेता लोड कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी कमर्जी नें पुलिस टीम को मुखबिर के सूचना की तस्दीक तथा कार्रवाई हेतु रवाना किया। पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो पुलिस को देखकर ट्रेक्टर चालक भगने लगा तथा ट्रैक्टर को खेत तरफ घुसाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोडकर फरार हो गया। जिसके पश्चात ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस टीम थाना लाई। अज्ञात चालक एवं अज्ञात वाहन स्वामी का कृत्य अवैध रेत खनन परिवहन एवं चोरी से संबंधित धारा 303 (2), 317 (5) बीएनएस एवं धारा 4/21 खान खनिज अधिनियम 1957 एवं धारा 27,29,39,51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 एवं धारा 2,4,21 भारतीय वन अधिनियम 1927, धारा 15 पर्यवारण संरक्षण अधिनियम 1986, धारा 53 (1), म.प्र. गौड खनिज नियम 1996 के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कमर्जी उप निरी0 पवन सिंह, सउनि केशरी पाण्डेय, प्रधान आर0 अभय वर्मा, आर- शुभम सिंह, मुकेश रावत, राजकुमार व अभिषेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# मंत्री विजय शाह के खिलाफ सेना का अपमान व देशद्रोह की एफआईआर

## देश की अखंडता महिला के अपमान करने का भी आरोप

सीधी ( नि.प्र. )

जिला कांग्रेस कटनी ने आरोप लगाया है की मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा बयान दिया गया। जिसमें उन्होंने सेना की महिला अधिकारी की ओर इंगित करते हुए, जिसे उन्हाने बाद में जारी अन्य बयान में कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम लिया है। जिन्हें पहलगाव हमले में आतंकियों द्वारा किए गए नृशंस हत्याकांड होने के पश्चात सेना में महिला अधिकारी कर्नल सौफिया कुरैशी को प्रवक्ता के रूप में जिम्मेदारी दी गई है उन्हें आतंकवादियों की बहन कहते हुए उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया, सेना की अधिकारी को आतंकवादियों के साथ जोड़ा गया, एक वर्ग विशेष के विरूद्ध अपशब्दों का प्रयोग किया गया तथा देश की एकता, अखंडता को



बिगाड़ने का कृत्य किया गया है जिससे सभी देशवासी दु:खी एवं आक्रोशित हैं । मंत्री विजय शाह द्वारा किए गए कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 351, 352, 353, 78 एवं धारा 152 के अन्तर्गत गंभीर अपराध की परिधि में आता है। करण सिंह चौहान, मिथलेश जैन, अमित शुक्ला, राजा जगवनी, जहरा बेगम, रजनी वर्मा, पंकज गौतम, रॉबिन पीटर, अजय जैसवानी, मंजू निषाद, माया चौधरी, मुमताज बानो, शोभा मंगलानी, कल्पना पाठक, हुसैन जहां बेगम, वहीद बेगम, शशि यादव, सरिता कटारे, विक्रम पुरुष, वाणी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर बहरानी आदि कांग्रेस जन कटनी कोतवाली पहुंचे। मंत्री विजय शाह द्वारा संविधान की शपथ लेकर देश की सेना एवं उसके अधिकारी के विरूद्ध अपशब्दों का प्रयोग कर देश में वर्तमान समय में संवैदनशील स्थिति को प्रभावित कर माहौल बिगाड़ने का कृत्य किया है जो कि देशद्रोह की परिधि में आता है तथा महिला अधिकारी कर्नल सौफिया कुरैशी जो कि देश की सेना में जिम्मेदार पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है उनको आतंकवादियों से जोड़कर सेना के अधिकारियों एवं महिलाओं का अपमान किया है। मंत्री विजय शाह के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत अपराध कायम कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जावे जिससे कि उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही हो।

# एमएसएमई विभाग द्वारा उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार हेतु कार्यशाला का आयोजन

सीधी ( नि.प्र. ) । माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज़ विभाग, मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम एवं इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 16 मई दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे, अरिंदम होटल, कटनी में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, कटनी के महाप्रबंधक ने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं उनके सतत विकास को प्रोत्साहन देना है। कार्यशाला में मैनेजमेंट, सर्टिफिकेशन, नीति, तथा बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। यह पहल उद्योगों की कार्य क्षमता बढ़ाने और उनके उत्पादों की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगी। लघु उद्योग भारती, कटनी इकाई के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह कार्यशाला उद्यमियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है, जहाँ वे नवीनतम नीतियों और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त कर अपने व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक उद्यमियों से सहभागिता की अपील की है। लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# कलेक्टर के निर्देश पर आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण जारी



सीधी ( नि.प्र. ) राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जा रहे हैं। इसी क्रम में लोगों को आपदा प्रबंधन के गुर बताने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर गुरूवार 15 मई को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक दिये जा रहे प्रशिक्षण में आपात स्थिति में राहत एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहले बैच में नगर निगम के सभी 45 वार्डों के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को ही दूसरे बैच में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कलेक्ट्रेट के नवीन सभा कक्ष में विद्युत विभाग, खादय विभाग, फायर विभाग, स्वास्थ विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि शुक्रवार 16 मई को तिलक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में पहले बैच में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तिलक महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय कटनी के एनएसएस आवेदकों को जबकि दूसरे बैच में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक तिलक महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय कटनी के एनसीसी स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शनिवार 17 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर परिषद कैमोर में नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताते चलें कि कलेक्टर की विशेष मौजूदगी में नगर निगम आडिटोरियम में बीते बुधवार को पार्षदों और ग्राम पंचायतों के सरपंचों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।





# किड्स केयर स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

सीधी ( नि.प्र. ) सीबीएसई बोर्ड दिल्ली के द्वारा 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 95.6 प्रतिशत रहा है। सभी छात्रों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने की बधाई शुभकामनाऐ और आशीर्वाद तथा सभी 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 95.6 प्रतिशत के विषय शिक्षको को भी बेहतरीन प्रदर्शन के लिय बधाई और शुभकामनाऐ स्कूल के प्राचार्य ऐरावत आकाश हिन्दूजी ने सभी को प्रदान की है, और उम्मीद की है कि आगे भी ऐसे शानदार प्रदर्शन होते रहेंगे।

# सांसद की विकास निधि से नगर को मिली विकास की सौगात

## अंबेडकर वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की सुविधाओं में होगा विस्तार

सीधी ( नि.प्र. )



प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा की निधि से नगर विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत नगर में शिक्षा, सड़क, बिजली पानी के कार्य कराये जा रहे है। इसी श्रृंखला में नगर विकास को लेकर शहर विकास की अनवरत इबारत लिखने के लिए कटिबद्ध महापौर प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य एवं निगम जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बुधवार को आंबेडकर वार्ड में सांसद निधि से कराए जाने वाले स्कूल उन्नयन कार्यों का भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना उपरांत संपन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय नागरिकों की गरिमामई मौजूदगी रही। इस अवसर पर नगर मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष शिब्बू साहू, डॉ. रमेश सोनी, एडव्होकेट सुरेन्द्र गुप्ता, बीना संजू बैनर्जी, तुलसा गुलाब बेन, एवं क्षेत्रीय पार्षद संतोष शुक्ला सहित पार्षद वंदना राज किशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, विजय डब्बू रजक, संजय तिवारी की विशेष मौजूदगी रही।

***स्कूल का होगा उन्नयन***- शहर विकास एवं नागरिक सुविधाओं में विस्तार हेतु निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अंबेडकर वार्ड स्थित बैलट घाट में विद्यार्थियों के पठन-पाठन की सुविधाओं में विस्तार एवं सुलभता के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सांसद निधि से शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल भवन कक्ष के निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा उपस्थितजनों के साथ मिलकर करते हुए क्षेत्रीय जनों को महत्वपूर्ण सौगात दी। महापौर ने छात्र हित में स्कूल उन्नयन कार्य कराये जाने के कार्य हेतु सांसद निधि से राशि स्वीकृत किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नगर के चहुमुखी विकास हेतु भविष्य में भी इसी तरह से सहयोग प्रदान किए जाने की बात कही। इस दौरान महापौर द्वारा स्थानीय जनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु स्थल पर एक पानी टंकी रखने के निर्देश जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय मातृशक्ति आशा गोस्वामी, रूपा बर्मन, रानी रैकवार, उत्तम रैकवार, कमला बर्मन, आशा बाई, रिंकी गोस्वामी, श्याम गोस्वामी, सूरज रैकवार, राजकुमार गोस्वामी, सुनील बर्मन, आरमुख नायडू सहित अन्य क्षेत्रीय रहवासियों एवं क्षेत्रीय उपयंत्री अश्विनी पांडेय, ठेकेदार संदीप त्रिपाठी, शिब्बू परौहा की मौजूदगी रही।

# मिष्ठी चतुर्वेदी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर व संस्था का किया नाम रोशन



सीधी ( नि.प्र. ) मिष्ठी चतुर्वेदी कला संकाय कक्षा बारहवीं के कला संकाय में मिष्ठी चतुर्वेदी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर व संस्था का नाम रोशन किया। मिष्ठी चतुर्वेदी ने आई पी और पेंटिंग में 100 प्रतिशत, राजनीतिशास्त्र और अर्थशास्त्र में अधिकतम 99 प्रतिशत, इतिहास में 98 प्रतिशत और अंग्रेजी में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मान बढ़ाया। छात्रा की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, पूर्व महापौर एवं सायना की सचिव निर्मला सत्येन्द्र पाठक, सायना ग्रुप के एम. डी. वरुण गौतम, मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा सहित अभिभावकों ने छात्रों व शिक्षकों को बधाई दी है। सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सायना शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने व संस्कार देने का काम भी करता है। इसलिए सायना के बच्चे निरंतर कड़ी मेहनत व दृढ़ संकल्प के साथ परीक्षाओं की तैयारी करते हैं व सफल होते हैं। सायना के बच्चे वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भी सदैव तैयार रहते हैं। मैं मिष्ठी के सफल जीवन की कामना करती हूँ। मिष्ठी चतुर्वेदी कटनी मे पूर्व मे पदस्थ प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट एवम वर्तमान मे शिवपुरी में सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण मे पदस्थ है।

# यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान

**मण्डला।** यात्री बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण सर्टिफिकेट ड्राइवर एकंडक्टर के लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, फास्ट एड बॉक्स एवं प्रेशर हॉर्न किए जा रहे चेक 25 बसों को किया चेक, कमी पाए जाने पर 14 बसों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 7500 का लगाया जुर्माना हाल ही में भोपाल में हुई सड़क दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी घटनाओं के पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य पुलिस मुख्यालय द्वारा यात्री बसों एवं स्कूली बसों की चेकिंग हेतु 31 मई तक विशेष अभियान चलाया गया है जिसके तहत वाहन चेकिंग लगाई जाकर 25 यात्री बसों को चेक किया।

## झिंझरी चौकी थाना माधवनगर पुलिस द्वारा

# मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा 16 वर्षीय बालिका को तीन दिन में रीवा से किया दस्तयाब एवं गिरफ्तार किया आरोपी

सीधी ( नि.प्र. )

मुस्कान अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं को जल्द से जल्द दस्तयाब करने के निर्देश दिये थे जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डहेरिया, सी.एस.पी. ख्याति मिश्रा तथा थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे के मार्ग दर्शन में 16 वर्ष की बालिका को तीन दिन में रीवा से दस्तयाब किया गया है। रिपोर्टकर्ता ने थाना मे उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की इसकी 16 वर्षीय बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति



बहला फुसलाकर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 421/25 धारा 137(2) बी.एन.एस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना गुमशुदा/अपहर्ता 16 वर्षीय बालिका को तीन दिवस मे रीवा से दस्तयाब कर गुम शुदा को परिजनो को सुपुर्द किया गया। पीडिता के द्वारा बताया गया। कि दुग्गू उर्फ दुर्गेश शर्मा, पिता स्व. राघवेन्द्र शर्मा, निवासी नया मोहल्ला ग्राम लखापतेरी थाना माधवनगर के द्वारा पीडिता को पार्क घुमाने के बहाने घर से कटनी बुलाना बाद ज़बरज़स्ती रीवा ले जाकर पीड़िता के साथ गलत काम किया। जिस कारण आरोपी दुर्गेश शर्मा को गिरफ़्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आपरेशन मुस्कान के तहत बालिका की दस्तयाबी कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि. प्रियंका राजपूत, सउनि. शशिभूषण सिहं, प्र.आर. 435 पकंज, प्र.आर. राजेश चौधरी, आर जज, आर अजय त्रिपाठी, सैनिक 06 अक्षय पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

# चड्डा कॉलेज के एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

सीधी ( नि.प्र. ) कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स कॉलेज चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें उक्त महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने विश्वविद्यालयीन मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हुए तथा कटनी शहर का नाम रोशन करते हुए परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान पूर्वी गांगरा, द्वितीय स्थान सोनाली रावलानी एवं तृतीय स्थान एकता गुप्ता ने प्राप्त किया। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर



देवाशीष चड्डा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जय चड्डा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं तथा छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ-ही-साथ विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका डॉ. ऋतिका साहनी आहूजा, विधि सहायक प्राध्यापिका माला उपाध्याय, विधि सहायक प्राध्यापिका हेमलता पटेल, विधि सहायक प्राध्यापक जीतेन्द्र उपाध्याय की कड़ी मेहनत से छात्र/छात्राओं को यह सफलता प्राप्त हुई है। श्रेष्ठ शिक्षण पद्धति, मूट कोर्ट, पुस्तकालय, न्यायालय के शैक्षणिक भ्रमण, सेमिनार, कार्यशाला का आयोजन, श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण के कारण ही महाविद्यालय का श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम आया है।

# बिनैका में चलाया सफाई अभियान

सीधी ( नि.प्र. )

मां रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा ग्राम बिनैका में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कॉलेज के निर्देशक डॉ. अभिषेक चौबे और प्राचार्य डॉ. कनिका खरे के दिशा-निर्देश पर सफाई अभियान चलाया गया। यहां कॉलेज स्टाफ और छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्रों ने स्थानीय सड़कों और गांव के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता बैनर भी प्रदर्शित किए इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता बनाए रखना था बल्कि गांववासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करना था। छात्रों ने लोगों को स्वच्छता महत्व के बारे में बताया और खुले में कचरा न



फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के सपनों को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ। कॉलेज के निदेशक डॉ. अभिषेक चौबे ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं बल्कि यह हमारी आदत का हिस्सा बननी चाहिए। प्राचार्य डॉ. कनिका खरे ने भी छात्रों को स्वच्छता अपनाने और दूसरों को प्रेरित करने का संदेश दिया। आयोजन ने छात्रों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए उनकी जिम्मेदारी की भावना को और भी प्रबल किया। इस दौरान कॉलेज स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कटनी में भारतीय सेना के शौर्य के समर्थन में निकलेगी तिरंगा यात्रा

## आज शाम 5 बजे से मुख्य रेलवे स्टेशन से घंटाघर के बीच होगा आयोजन

सीधी ( नि.प्र. )

पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों के साथ साथ पाकिस्तान सेना के अड्डे को नष्ट करने वाली भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के साथ ही राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत करने के लिए कटनी में राष्ट्रीय



सुरक्षा नागरिक अभियान समिति द्वारा कल 16 तारीख शुक्रवार शाम 5 मुख्य रेलवे स्टेशन से सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, सराफा बाजार होते घंटाघर ऐतिहासिक और भावनात्मक तिरंगा यात्रा का आयोजन कटनी में किया गया। इसका उद्देश्य हाल ही में सफलतापूर्वक सम्पन्न ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज़ सैनिकों को सम्मान देना है। इस यात्रा में हर वर्ग, हर समुदाय और हर उम्र के लोग देशप्रेम की भावना के साथ जुड़ते दिखेंगे। इस तिरंगा यात्रा में कटनी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह है।

## संपादकीय

# डिजिटल पर्दे पर कामुकता की तिजारत!

संस्कृति, चेतना और सामाजिक अनुशासन की तमाम परंपराएं उस समय ठिठककर खड़ी रह जाती हैं, जब किसी समाज में नंगई को 'स्वतंत्रता', अश्लीलता को 'प्रयोग', और उत्तेजना को 'रचनात्मकता' कहकर स्वीकार कर लिया जाता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के उल्लू एप पर प्रसारित हो रहा एक शो 'हाउस अरेस्ट' इसी अंधेरे की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहाँ मनोरंजन के नाम पर मूल्यों की अर्थी सजाई जा रही है। 20 अप्रैल, 2025 से प्रसारित यह शो, जिसे होस्ट कर रहे हैं पूर्व बिग बॉस प्रतिभागी एजाज़ खान केवल एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि समाज के उस गिरते हुए मानसिक धरातल की गवाही है, जहाँ टास्क के नाम पर प्रतियोगियों से अंतरंग मुद्राओं का अभ्यास करवाया जा रहा है। कैमरे के सामने, कपड़े पहनकर गरिमा को तार – तार किया जा रहा है। शो की एक क्लिप में जब एक महिला प्रतिभागी मासूमियत से अपनी जानकारी 'डॉग पोजीशन' या 'अप–डाउन' जैसे शब्दों में व्यक्त करती है, और दर्शकों की वाहवाही पाती है, तब प्रश्न यह उठता है कि क्या अब शालीनता बासी विषय हो चुका है?

वास्तव में यह शो एक सतही प्रवृत्ति की उपज है, जहाँ न सामाजिक उत्तरदायित्व है, न रचनात्मक विवेक। नारी–पुरुष संबंधों की मर्यादा को जिस चंचलता और अश्लील चेष्टाओं के सहारे टास्क बनाया गया है, वह दर्शाता है कि अब वयस्क कंटेंट और विवेकहीन कंटेंट में कोई अंतर नहीं रहा। यह केवल शो नहीं, चेतना पर आघात है एक ऐसी पीढ़ी के नाम जो यह देख रही है, सीख रही है, और आगे यही बनना चाह रही है। ऐसी सामग्री का मनोवैज्ञानिक असर गहरा और दीर्घकालिक होता है। किशोरावस्था में जब पहचान और सोच का निर्माण हो रहा होता है, तब इस तरह के दृश्य मस्तिष्क में यौनिकता की विकृत छवियाँ अंकित कर देते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में नाबालिगों द्वारा किए गए यौन अपराधों में पिछले 5 वर्षों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्या यह महज संयोग है कि उसी दौर में इंटरनेट और ओटीटी पर इस तरह की सामग्री की बाढ़ आई? भारत में 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 43 प्रतिशत ओटीटी दर्शक वयस्क सामग्री को प्राथमिकता देते हैं। यही तथ्य प्लेटफॉर्म्स की रणनीति बन चुका है जहाँ भावनात्मक संबंध नहीं, केवल शरीर की 'संभावनाओं' को भुनाया जाता है और यही वह खतरनाक मोड़ है, जहाँ एक समाज अपने नैतिक संतुलन को खो देता है।

'हाउस अरेस्ट' जैसे कार्यक्रम केवल क्षणिक उत्तेजना का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक आदर्शों को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं। नारी को केवल दृश्य माध्यम का उपकरण बना देना, उसके अस्तित्व को 'कंटेंट' में सीमित कर देना, वह भी स्वयं की स्वीकृति के साथ ये वह चुप्पी है जो आने वाले समय में सामाजिक विस्फोट का कारण बन सकती है। विडंबना यह है कि इसे 'बोल्डनेस', 'ओपन माइंडेडनेस' और 'फ्रैंकनेस' जैसे शब्दों की चमकदार चादर में लपेट दिया गया है और अगर कोई प्रश्न करे, तो वह 'पिछड़ा', 'रूढ़िवादी' या 'मॉरल पुलिस' करार दिया जाता है। लेकिन क्या सभ्यता इतनी उन्नत हो चुकी है कि अब विवेक पर प्रश्नचिह्न लगाना अपराध हो गया है? 'हाउस अरेस्ट' केवल एक मंच नहीं, यह एक समाजशास्त्रीय चेतावनी है जो एक संकेत है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अगर इन दृश्यों में 'टास्क' देखती है और सम्मान, संबंध, मर्यादा जैसे शब्द उसे बेमानी लगने लगते हैं, तो फिर यह नासमझी नहीं, हमारी चूक है। यहाँ सवाल केवल किसी एक शो का नहीं है, बल्कि उस सोच का है जो इसे जन्म देती है, बढ़ावा देती है और उसे सामान्य मानने लगती है। जब सरकारें केवल 'आत्म–नियमन' की बात करती हैं और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स व्यावसायिक लाभ के लिए किसी भी सीमा को लांघते हैं, तब मूल्यों का अपमान भी एक व्यापारिक रणनीति बन जाता है। हाउस अरेस्ट जैसे कार्यक्रम यह बताते हैं कि मनोरंजन के नाम पर समाज किस गहराई तक गिर सकता है।

## अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर साबित होगा

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

*हजारों वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि सृष्टि में मानवीय योनि की पहचान यहीं से हुई है, जो बंदरों से विकसित होते हुए मानवीय योनि तक विकसित हुई और बौद्धिक क्षमता का विकास होते गया, जिसकी भव्यता हम वर्तमान स्तर में देख रहे हैं कि मानवीय योनि ने दुनियाँ को कहां से कहां और कैसी डिजिटल स्थिति में पहुंचा दिया कि, साक्षात मानवीय आकृति रोबोट बना दिया जो पूरी तरह से मानवीय कार्य करने में सक्षम है, जो मानवीय बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। परंतु अगर हम इस तकनीकी प्रौद्योगिकी मेड मानव से हटकर सृष्टि रचयिता मानव में तकनीकी स्तरपर गुणों, व्यक्तित्व का विकास करने पर ध्यान दें तो हर मानवीय जीव अपने अपने स्तरपर एक अनोखा इतिहास रच सकते हैं, जिसके सहयोग से हम विश्व को कहां से कहां ले जा सकते हैं। चूंकि हम यहां मानवीय गुणों के विकास की बात कर रहे हैं तो सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय व्यक्तित्व व उसकी संगत है क्योंकि मनुष्य जिसकी संगत में रहता है उसी के ही नक्शे कदम पर चलता है, किस हालत में कहां पैदा हुआ है उससे फर्क नहीं पड़ता, परंतु किस संगति में रह रहे हैं किन लोगों के साथ उठना बैठना बातचीत है, कैसे लोगों के माहौल में रह रहे हैं, यह हमारी सोच और सोचनें की प्रवृत्ति बनाते हैं, जो हमारी जिंदगी बनाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करती है, इसलिए हमें गलत माहौल से निकाल कर अच्छे माहौल में रहने के सुझाव को रेखांकित करना होगा जो हर मानव अपने आप में पहचानकर उसमें अपने आप को ढाले तो वह स्वयं इतिहास रच सकता है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर सटीक साबित होगा। साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में पले मानवीय जीव की करें तो मेरा मानना है कि सदियों से हर मानवीय जीव की अभिलाषा रहती है कि मेरे बच्चे इतनी ऊंची सकारात्मक तरक्की करें कि मैं अपने बच्चों के नाम से पहचाना जाऊं कि यह फ़लाने के पिता हैं! बिल्कुल सही बात! बस! इसके लिए हर व्यक्ति को चाहे वह मेल हो या फीमेल उसके संबंध में माता–पिता शिक्षक समाज सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि अपने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारें उसके सही संगत में रहने का ध्यान रखेंक्योंकि हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती हैमाता–पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। एक अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के मूल्यों के नियम बच्चों में रखना जरूरी है। इसलिए सबसे पहले बच्चों में या हमने खुद में समझदारी, धैर्य, उच्च विचार, गुस्से पर कंट्रोल सच्चाई पारदर्शिता को अपनाकर खुद को पहचाने जो बच्चे को अच्छे माहौल में रखकर प्राप्त किया जा सकता है। साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तित्व की करें तो, हर मनुष्य का अपना–अपना व्यक्तित्व है। वही मनुष्य की पहचान है। कोटि–कोटि मनुष्यों की भीड़ में भी वह अपने निराले व्यक्तित्व के कारण पहचान लिया जाएगा। यही उसकी विशेषता है, यही उसका व्यक्तित्व है। प्रकृति का यह नियम है कि एक मनुष्य की आकृति दूसरेसे भिन्न है।आकृति का यह जन्मजात भेद आकृति तक ही सीमित नहीं है; उसके स्वभाव, संस्कार और उसकी प्रवृत्तियों में भी वही असमानता रहती है।*

# आतंकवादियों की फैक्ट्री चलाने वाले पाकिस्तान को भारत ने दिया जवाब, तीसरे देश की मध्यस्तता को नकारा

**पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनतआतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे। भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर वहां आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहे थे।**

डॉ राघवेंद्र शर्मा

ऑपरेशन सिंदूर ने और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस कार्रवाई को एक ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी ना कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप हमारी सेना के जांबाज सिपाहियों ने भी पाकिस्तान की नापाक हरकतों का मुंह तोड़ जवाब दे कर यह जता दिया कि पहले हम किसी को छेड़ते नहीं, और यदि कोई हमें छेड़े तो फिर उसे हम छोड़ते नहीं। हालांकि भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। किंतु जिस प्रकार से हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए, मिसाइलें गिराने की असफल कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही।

पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनतआतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे। भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर वहां आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहे थे। उपरोक्त स्थानों पर आतंकवादियों को प्रशिक्षित कर उन्हें दुनिया भर में शांति भंग करने के लिए निर्यात कर रहे थे। भारतीय सेना की आक्रमकता को देखते हुए तत् समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि परिस्थितियां औपचारिक युद्ध के मार्ग पर कदम आगे बढ़ा चुकी थीं।

इसी से भयाक्रांत होकर पाकिस्तानी हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए। यही वजह रही कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने प्रेस वार्ताओं के माध्यम से तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है, इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी भली भांति जानते हैं कि भारत पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाने के मूड में है और वह इस मामले में किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। यही वजह रही की ट्रंप केवल दावा करते दिखाई दिए कि भारत पाकिस्तान सीज फायर के लिए तैयार हो गए हैं।

यह बात भी अब स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सेना अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं । इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया। फल स्वरुप कुछ देर के लिए दुनिया ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर की स्थिति भी देखी।

लेकिन हमारी सरकार और सेना ने इस बीच एहतियाती इंतजाम ढीले नहीं किये और पाकिस्तान की ओर से होने वाली हरकतों पर नजर बनाए रखी। जैसी कि पुख्ता धारणा है, पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है। इस बार भी उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्यवाही रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर एक बार फिर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत कर डाली। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तानी सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठा पटक मचने के चलते बनी होगी।

क्योंकि पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान आवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न बने रहते हैं। जबकि पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में बनी रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारा काम तो केवल इतना सा है कि हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। यानि एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान कहता कुछ और है, करना कुछ और चाहता है।

इससे भी ज्यादा हास्यास्पद बात यह है कि उसकी अपेक्षाओं से विपरीत जाकर हो कुछ और ही जाता है। जहां तक भारत से मुकाबले की बात है तो इस मामले में पाकिस्तान ने हमेशा मुंह की ही खाई है। यदि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे नए भारत की बात की जाए तो इसी कालखंड में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है। अब जब एक बार फिर पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकतों से जम्मू कश्मीर की भूमि को रक्त रंजित किया, तो भारत का कोप उस पर कुछ ज्यादा ही भारी पड़ गया। पाकिस्तान में स्थित आतंकवाद के अड्डों और वहां सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण जगहों पर भारतीय सेना ने एक प्रकार से आफत ही बरसा दी ।

यानि परिस्थितियां कुछ ऐसी निर्मित हुईं कि प्रत्येक भारतीय नागरिक पाकिस्तान को ठिकाने लगाने के मूड में आ गया। यह बात अपनी जगह सही भी है कि जब दो देश युद्ध लड़ते हैं, तब लड़ाई केवल दो सेनाओं के बीच नहीं होती। और फिर भारत जैसे जिम्मेदार देश को तो एक साथ अनेक मोर्चों पर युद्ध लड़ना होता है। उसे अपनी सैन्य कार्रवाई एकदम सटीक निशाने पर करनी होती है, जिसका अपेक्षित परिणाम शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करता हो।

## पहलगाम हमले में टीआरएफ के साथ पाकिस्तानी हाथ

**पाकिस्तान के लिए भी ये आस्तीन के सांप ही साबित होते आए हैं, बावजूद इसके एक सियासी जमात इन्हें पालने और बढ़ाने में अपनी पूरी ताकत झोंकती आई है। इसका खामियाजा पड़ोसी मुल्कों को भी उठाना पड़ता है। इसी के चलते बीते माह 22 अप्रैल 2025 को जम्मू–कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश ही नहीं दुनियां को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों के इस कायराना हमले में दो दर्जन से ज्यादा निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।**

डॉ हिदायत अहमद खान

यह तो सभी मानेंगे ही कि किसी को बड़ा अपराधी बनाने में किसी न किसी बड़ व्यक्ति या संगठन का हाथ होता है, ठीक वैसे ही जैसे कि आतंकवार को पालने और पोसने में पाकिस्तान का बहुत बड़ा हाथ सदा से रहा है। इस बात को खुद पाकिस्तान के नेताओं ने समय–समय पर माना है, लेकिन इसका हल निकाल पाने में सभी नाकाम साबित हुए हैं। खासतौर पर तब जबकि पाकिस्तानी आवाम खुद भी इस आतंकवाद से परेशान है, सरकार और सेना मिलकर कोई हल क्यों नहीं निकाल पा रही हैं, बड़ा सवाल है।

पाकिस्तान के लिए भी ये आस्तीन के सांप ही साबित होते आए हैं, बावजूद इसके एक सियासी जमात इन्हें पालने और बढ़ाने में अपनी पूरी ताकत झोंकती आई है। इसका खामियाजा पड़ोसी मुल्कों को भी उठाना पड़ता है। इसी के चलते बीते माह 22 अप्रैल 2025 को जम्मू–कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश ही नहीं दुनियां को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों के इस कायराना हमले में दो दर्जन से ज्यादा निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।

शुरुआती जांच में ही इस आतंकी घटना के तार पाकिस्तान और लश्कर–ए–तैयबा के मुखौटा संगठन द रसिस्टेन्स फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़ते दिखे। पहले टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी सीना ठोंक कर ले भी ली थी। जब अंतर्राष्ट्रीय दबाव पड़ा और पाकिस्तान को भारतीय जवाब की सूझ आई तो टीआरएफ ने बयान बदल दिया और जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार कर दिया। अब भारत ने इस आतंकी हमले से संबंधित पुख्ता सबूत संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पेश कर दिए हैं, जिससे टीआरएफ और इसके संरक्षक पाकिस्तान की साजिश बेनकाब होती दिखी है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी कार्यालय और काउंटर टेररिज्म कमेटी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टोरेट (सीटीईडी) के समक्ष विस्तार से जानकारी पेश की है।

भारत का साफ कहना है कि पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ, वह टीआरएफ द्वारा लश्कर–ए–तैयबा के निर्देश पर किया गया, और इसके पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की रणनीति थी। भारतीय अधिकारियों ने यूएन की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को भी टीआरएफ की गतिविधियों से अवगत कराया और टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने की मांग रखी है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि टीआरएफ का बयान और फिर उससे पलटना पाकिस्तान के दबाव में किया गया ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाक सरकार की छवि को नुकसान न पहुंचे। टीआरएफ, लश्कर–ए–तैयबा का ही नया चेहरा है, जिसे एफएटीएफ और अन्य अंतरराष्ट्रीय निगरान एजेंसियों की निगाह से बचाने के लिए एक 'लो–प्रोफाइल' आतंकी ब्रांड के रूप में पेश किया गया है। लेकिन भारत ने इन दो संगठनों की कड़ी साठगांठ के सबूत यूएन के सामने रखे हैं।

इसी बीच भारत ने यह भी रेखांकित किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक एकजुटता आवश्यक है। यदि टीआरएफ जैसे आतंकी संगठनों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध सूची में शामिल नहीं किया जाता है तो आतंकवादियों को बल मिलता रहेगा और निर्दोष लोगों की जान यूं ही जाती रहेगी। भारत का यह कदम पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास है। भारत द्वारा दिए गए डिजिटल, कॉल रिकॉर्ड, फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर माना जा रहा है कि यूएन टीआरएफ को प्रतिबंधित आतंकी संगठन घोषित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर सकता है।

## डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी

श्वेता गोयल

**(राष्ट्रीय डेंगू दिवस (16 मई) पर विशेष)**

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि–त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया।

डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन–प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्राय: गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार–पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरूआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ–सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ–सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस–पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्राय: बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

# भ्रामक आख्यानों का प्रतिकार: भारत में मुस्लिम सुरक्षा की वास्तविक स्थिति

**भारत का कानूनी ढांचा सक्रिय रूप से अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने घृणा फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ कई निर्देश जारी किए हैं और धर्मनिरपेक्षता को एक मुख्य संवैधानिक मूल्य के रूप में फिर से पुष्टि की है, विशेष रूप से नागरिकता संशोधन अधिनियम पर अपने फैसले में। इसने यह माना है कि नागरिकता केवल धार्मिक आधार पर दी या रद्द नहीं की जा सकती।**

अल्ताफ मीर

कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट और मानवाधिकार संगठनों ने भारतीय मुसलमानों की एक भयावह तस्वीर पेश की है, जिसमें वे व्यवस्थागत उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। हालांकि, नफ़रत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाइयों, सरकारी कल्याणकारी पहलों और स्वतंत्र सामाजिक सर्वेक्षणों की व्यापक जांच से कहीं ज़्यादा संतुलित वास्तविकता सामने आती है। यति नरसिंहानंद और नितेश राणे के मामले सांप्रदायिक नफ़रत फैलाने वाले भाषणों के अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की भारत की इच्छा का उदाहरण हैं- गाजियाबाद पुलिस ने पैगंबर मुहम्मद पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए यति नरसिंहानंद के खिलाफ़ कई एफआईआर दर्ज कीं, जो भड़काऊ बयानबाजी के लिए त्वरित कानूनी प्रतिक्रिया का प्रदर्शन करती है। उत्तर प्रदेश में अधिकारियों ने सार्वजनिक आक्रोश के बाद नफ़रत फैलाने वाले भाषण के लिए औपचारिक रूप से उन पर संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए। महाराष्ट्र में, विधायक नितेश राणे पर लव जिहाद और भूमि जिहाद पर सांप्रदायिक भय को भड़काने वाले भाषणों के बाद मामला दर्ज किया गया, जो इस बात को रेखांकित करता है कि कानूनी सीमाओं का उल्लंघन करने पर राजनीतिक हस्तियां भी अभियोजन से मुक्त नहीं हैं। ये हाई–प्रोफाइल मामले एक जीवंत कानून व्यवस्था का संकेत देते हैं जो सांप्रदायिक उकसावे को दंडित करने से नहीं कतराती है, जो मुस्लिम विरोधी नफ़रत में राज्य की मिलीभगत के दावों का खंडन करती है।

भारत का कानूनी ढांचा सक्रिय रूप से अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने घृणा फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ कई निर्देश जारी किए हैं और धर्मनिरपेक्षता को एक मुख्य संवैधानिक मूल्य के रूप में फिर से पुष्टि की है, विशेष रूप से नागरिकता संशोधन अधिनियम पर अपने फैसले में। इसने यह माना है कि नागरिकता केवल धार्मिक आधार पर दी या रद्द नहीं की जा सकती। पंजाब और केरल जैसे राज्यों में उच्च न्यायालयों ने मुस्लिम भूमि पट्टों और धार्मिक संपत्तियों को गैरकानूनी अतिक्रमण से बचाने के लिए हस्तक्षेप किया है, जो राज्य स्तर पर प्रभावी न्यायिक निगरानी का प्रदर्शन करता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक वैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता है, जिसका काम शिकायतों की जांच करना, सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करना और मुसलमानों सहित अल्पसंख्यक समुदायों के लिए उपचारात्मक उपायों की सिफारिश करना है।

भारत ने कानूनी उपायों के समानांतर कल्याणकारी उपायों को बढ़ाया है, सामाजिक–आर्थिक असमानताओं को लक्षित करते हुए, जिनकी पहचान 2006 की सच्चर समिति की रिपोर्ट में की गई थी, जिसमें मुसलमानों के लिए शिक्षा, रोजगार और ऋण पहुंच में दरारों को उजागर किया गया था। अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय अब प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति से लेकर कौशल–विकास कार्यक्रमों तक पचास से अधिक योजनाओं का संचालन करता है, जिसने अकेले 2022–23 में मुस्लिम छात्रों को सामूहिक रूप से सैकड़ों हज़ारों छात्रवृत्तियाँ वितरित की हैं। नई मंज़िल योजना जैसी विशेष पहल ने अल्पसंख्यक युवाओं में स्कूल छोड़ने वालों तक पहुँच बनाई है, कौशल अंतर को पाटने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। वित्तीय समावेशनफितना से

प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत इसका विस्तार किया गया, जिससे मुस्लिम बहुल जिलों में खाता खोलने की संख्या में लगातार वृद्धि हुई, तथा पूर्व के अध्ययनों में उजागर की गई ऋण असमानताएं समाप्त हो गईं। 2021 के प्यू रिसर्च सेंटर के अध्ययन सर्वेक्षण से पता चला है कि 95 प्रतिशत मुसलमानों ने अपनी भारतीय पहचान पर गर्व व्यक्त किया है, और 85 प्रतिशत ने भारतीय संस्कृति को कुछ मामलों में श्रेष्ठ माना है, जो अलगाव के बजाय अपनेपन की गहरी भावना को दर्शाता है। सांप्रदायिक आख्यानों का मुकाबला करने में नागरिक समाज और सामुदायिक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जमीनी स्तर के संगठन स्थानीय तनाव को कम करने के लिए नियमित रूप से कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग करते हैं; 2023 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने सांप्रदायिक घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने के लिए मुस्लिम नेताओं, पुलिस और मानवाधिकार रक्षकों वाली त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का समन्वय किया। ये हस्तक्षेप एक मजबूत नागरिक पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाते हैं जो गलत सूचनाओं को सक्रिय रूप से चुनौती देता है और अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा करता है।

अन्य लोकतंत्रों की तुलना में भारत की बहुलता जांच का सामना करती है। कई पश्चिमी देशों में मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय, यहूदी बस्ती, सीमित राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक–आर्थिक बहिष्कार से जूझ रहे हैं, जो अक्सर भारत में सामने आने वाली चुनौतियों से भी अधिक है। पर्यवेक्षकों के लिए अलग–अलग घटनाओं के बीच अंतर करना और भयावह कथाओं में लिप्त होने से बचना अनिवार्य है। उन्हें अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए लागू की गई सरकारी पहलों और प्रक्रियाओं पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मुसलमानों के लिए भारत को समान रूप से असुरक्षित के रूप में चित्रित करना कानूनी जवाबदेही, सामाजिक–आर्थिक उत्थान और अंतर–सामुदायिक एकजुटता में महत्वपूर्ण प्रगति को नजरअंदाज करता है।

## हेल्प एंड केयर अस्पताल के एक्स-रे और सीटी स्कैन कमरों को किया सील

**सिरोंज।** नगर में संचालित हो रहे हेल्प एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल लिंक रोड की जांच करने के लिए नायाब तहसीलदार ललित सक्सेना एवं बीएमओ विकास बघेल पहुंचे इन्होंने अस्पताल में स्थापित एक्स-रे यूनिट में टेक्नीशियन पात्रतानुसार नहीं मिलने के कारण सील किया गया साथ ही हॉस्पिटल में सीटी स्कैन मशीन भी मिला उसको चलाने वाले मौजूद नहीं थे किसके संबंध में संचालक से जांच अधिकारियों ने बैध दस्तावेज दिखाने के लिए बोल गया गया तो वहां नहीं दिखा सका इसलिए सील इस कक्षा को भी सील किया गया। बीएमओ डॉ विकास बघेल ने बताया कि दोनों मशीनों को संचालन करने वाले नहीं मिले इसके बाद दोनों कक्षों को सील कर दिया है सात दिवस में दस्तावेज मांगे हैं इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी कुछ दिन पहले डिलीवरी करने को लेकर लापरवाही की शिकायत कृष्ण चंद्र पटेल के द्वारा की गई है। इसके बाद प्रशासन कार्रवाई करने के लिए यहां पर पहुंचा है ऐसी बात भी सामने आ रही है बच्चा-बच्चा की मौत का मामला है।



## आईटीआई में पंजीयन की जानकारी व सहायता के लिए हेलपडेस्क की स्थापना

**सिरोंज।** विदिशा शासकीय आईटीआई विदिशा में सत्र 2025 हेतु प्रवेश पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। आवेदकों को करियर मार्गदर्शन, ट्रेड एवं पंजीयन की जानकारी एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु संस्था में हेलपडेस्क की स्थापना की गई है। आज गुरुवार को संस्था के इंडस्ट्री पार्टनर - देवांशी इंडस्ट्रीज विदिशा के श्री देवेन्द्र किरार एवं श्री पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर द्वारा संस्था में स्थापित हेल्पडेस्क का विजिट किया एवं उपस्थित आवेदकों को मार्गदर्शन एवं करियर संबंधी आवश्यक जानकारियां प्रदान की। संस्था की ओर से प्राचार्य श्री एपी श्रीवास्तव द्वारा आवेदकों को काउंसलिंग प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक आवेदक विभाग की वेबसाईट https://mpiticounseling.co.in/ पर जाकर अथवा क्यू आर कोड स्कैन कर प्रवेश हेतु पंजीयन करा सकते हैं।

## रक्तदान महादान : रक्तदान व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सिरोंज।** विदिशा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में गत दिवस रक्तदान एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में किया गया था। शिविर के विधिवत् शुभांरभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री जीसी शर्मा, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री पीडी यादव के अलावा न्यायाधीशगण व अभिभाषकगण और न्यायालयीन कर्मचारी मौजूद रहें।



विधिक जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन ने कहा कि रक्तदान करना सबसे पड़ा पुण्य कार्य है इससे बडा कोई दान नहीं है। रक्तदान करने से शारीरिक कई फायदे होते है उन्होंने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को अन्य न्यायाधीशगणो ने भी सम्बोधित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि रक्तदान एवं विधिक जागरूकता शिविर में आगंतुको को रक्तदान की महत्वता के साथ-साथ विधिक जागरूकता के संदेशो से अवगत कराया गया है।

## इमलीडोल में बाल विवाह की सूचना पर महिला बाल विकास की टीम ने किया निरीक्षण

**तेन्दूखेड़ा।** बाल विवाह हेल्पलाईन पर प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 14मई2025 दिन बुधवार को ग्राम इमलीडोल के नयागांव टोला में बाल विवाह कारित होने की सूचना प्राप्त हुई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कैलाश राय के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास की टीम में पर्यवेक्षक नंदराम अहिरवार एवं श्रीमति विमला ठाकुर पुलिस बल के साथ ग्राम इमलीडोल में संबंधित घर में जाकर संपर्क किया। महिला बाल विकास की टीम द्वारा स्थल पर जाकर बालिका के शैक्षणिक दस्तावेज चेक किए। बालिका की कक्षा 8वीं की अंकसूची में जन्मतिथि की जांच किए जाने पर बालिका की उम्र 18 वर्ष 11 माह पाई गई। जिसके आधार पर टीम द्वारा बालिका को पूर्ण बालिग होना पाया गया। ततपश्चात उक्त संबंध में की गई शिकायत निराधार पाए जाने पर टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की गई। विदित है कि बाल विवाह रोकथाम के लिए कलेक्टर महोदय दमोह द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006, की धारा 9, 10, 11, एवं 13 बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, संगठन के लिये दो वर्ष तक कारावास अथवा एक लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान हैं। अतएव समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि बालिका की आयु 18 वर्ष एवं बालक की आयु 21 वर्ष पूर्ण होने के पूर्ण उनका विवाह न करें।



## वक्फ जमीन, दुकानदारों, बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की मांग

**सिरोंज।** जामा मस्जिद के वक़्फ़ कमेटी के अध्यक्ष वसीम ने आवेदन मध्य प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर सनव्वर पटेल को दिया जिसमें उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नगर की जामा मस्जिद की कृषि भूमि ग्राम हबीब गंज, ग्राम झाबे, ग्राम शाइस्ताबाद, ग्राम एचनवाड़ा, ग्राम बरखेड़ी, ग्राम अहीर खेड़ी, तहसील में है इन जमीनों पर कई वर्षों से इन्हीं गांवों के लोग काबिज हे जिसमें से कुछ तो जमीन की तोजी जमा करते हैं । दूसरी ओर अधिकतर लोग लग्न भी जमा नहीं कर रहे हे कमेटी द्वारा बुलाने पर आते भी नहीं हे इन लोगों पर मस्जिद का लाखों रुपए बकाया है। दुकानों पर भी कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया है यह लोग कई सालों किराया भी नहीं दे रहें हैं सभी बकायदारों के नाम सार्वजनिक करने की अनुमति अध्यक्ष से मांगी है ।

### कलेक्टर ने जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

# उद्योग स्थापित करने में कोई दिक्कत न हो इस बात विशेष ध्यान रखा जाए

नगर संवाददाता, विदिशा।

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति, लघु उद्योग संवर्धन की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई थी।

उक्त बैठक में नवीन औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि चिन्हित किये जाने,ओडीओपी इकाईयों, केमीकल इकाईयों, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं समस्याओं तथा जल गंगा संवर्धन अभियान औरआपदा प्रबंधन के संबंध में औद्योगिक इकाईयों की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर निर्णय हेतु आहूत इस बैठक में जिले के औघोगिक यूनिट संचालक और समिति के सदस्यगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एके श्रीवास्तव ने विदिशा जिले की औद्योगिक परिदृश्य को रेखांकित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की जानकारियां सांझा की। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र पीतल मील 12.14 हेक्टेयर क्षेत्रफल में है। कुल 86 भूखण्ड है और सभी के सभी भूखण्ड आवंटित किए गए है यहां कुल 78 इकाईयां स्थापित है। बिजली निवेश 23.35 करोड़ रूपए है। औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संख्या 556 है।



औद्योगिक क्षेत्र कंजना बासौदा का क्षेत्रफल 52.03 हेक्टेयर है जिसमें से 37.15 हेक्टेयर आवंटन योग्य भूमि भू-खण्ड में 190 शेड बनाए गए है जिसमें से 176 भूखण्डो एवं शेडो का आवंटन किया जा चुका है यहां कुल 59 इकाईयां स्थापित की जानी है जिसमें से कार्यरत इकाईयों की संख्या 54 है पूंजी निवेश 45.12 करोड और उपलब्ध रोजगार 355 है जबकि औद्योगिक क्षेत्र जम्बार बागरी का क्षेत्रफल 84.31 हेक्टेयर है आवंटन योग्य भूमि भू-खण्ड की संख्या 165 में से आवंटित भूखण्डो की संख्या 76 है। यहां कुल 31 इकाईयां स्थापित की जानी है जिसमें से 18 इकाईयां कार्यरत है।

उक्त बैठक में औद्योगिक संभावनाएं, औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपलब्ध अविकसित भूमि के अंतर्गत नवीन औद्योगिक क्षेत्रो हेतु भूमि चिन्हित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई है।

बैठक में एक जिला एक उत्पाद इकाईयों के संबंध में गहन चर्चा कर निर्णय लिए गए है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण की पहल की गई है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने औद्योगिक क्षेत्र विदिशा में पुलिस चैकी स्थापना के संबंध में सहमति व्यक्त की और औद्योगिक संस्थानो के संचालको को उद्योग स्थापना के क्षेत्र में दिक्कते ना हो का विशेष ध्यान शासन की औद्योगिक नीति के तहत कार्य संपादित कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने बिजली और पानी की आपूर्ति के लिए पृथक से कार्य शाला आयोजित करने के निर्देश संबंधितों को दिए है।

### रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

विदिशा कलेक्टर एवं स्थानीय जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता ने पंचायतो के फोटोयुक्त मतदाता सूची पुर्नरीक्षण 2025 के कार्यो को समयावधि में पूर्ण कराने के लिए रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ-साथ अपील प्राधिकरी नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा जारी आदेश के अनुसार विदिशा जिला अंतर्गत 31 मार्च 2025 की स्थिति में विभिन्न पंचायतो में रिक्त पंच-सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए पंचायतो में फोटोयुक्त मतदाता सूची एक जनवरी 2025 की स्थिति में पुर्नरीक्षण कार्यवाही आयोग के दिशा निर्देशानुसार समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें के निर्देश प्रसारित किए गए है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंचायतो की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुर्नरीक्षण कार्यो की प्राप्त शिकायतो के निराकरण हेतु अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर को नियुक्त किया है जबकि विदिशा, ग्यारसपुर, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज और लटेरी सहित पूर्व उल्लेखित समस्त राजस्व अनुविभाग क्षेत्रो के संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वहीं क्षेत्र के तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

### मेरिट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी सम्मानित हुए



विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2025 की प्रदेश व जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों का हौंसला अफजाई किया और जिले व परिवार का नाम रौशन करने पर उन सबको बधाई शुभकामनाएं अभिव्यक्त की है। सम्मान समारोह की शुरूआत में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा परीक्षा परिणामो के पालन प्रतिवेदन का वाचन किया गया। गौरतलब हो कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के सात छात्रो द्वारा स्थान हासिल किया गया है वहीं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में 25 छात्रो और उत्कृष्ट प्रदर्शन अर्थात शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले गुरूजनो को भी कलेक्टर ने सम्मानित किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षकगण और परिजन मौजूद रहे।

## एसडीईआरएफ ने पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरोंज में आम नागरिकों को दिया नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण

नगर संवाददाता, विदिशा।

देश की बाह्य एवं आंतरिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में सिरोंज के पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरोंज में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में एसडीईआरएफ (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स) टीम द्वारा 125 आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सहायता करने के लिए आवश्यक तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिला सेनानी मयंक कुमार जैन एवं एएसआई लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा और एसडीईआरएफ टीम ने आपदा मित्रो को सीएसएसआर, एमएफआर, आपदा प्रबंधन, आग, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद बचाव एवं राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों को विपरीत परिस्थितियों में जागरूक एवं सक्षम बनाना रहा, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर समाज की सेवा में योगदान दे सकें। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने बताया कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में हवाई हमलों के दौरान की जाने वाली कार्यवाही,आमजन की सहायता करने के संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस जानकारी से सिविल डिफेंस वालेंटियर्स देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।



### 4-4 वर्ष के दो बच्चे घर से हुए लापता

तेंदूखेड़ा। पाठादो पंचायत के तहत ग्राम बघा से अचानक दो बच्चे घर से गायब हो गए है। परिजनो के पता करने के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो परिजना ने तेंदूखेड़ा थाने में गुमइंसान दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो कि बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे नमन पिता मिलन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघा थाना तेंदुखेड़ा जिला दमोह एवं देवांश पिता किशन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघा थाना तेंदूखेड़ा जिला दमोह दोनो अचानक घर से कहीं चले गए। दोनो ही बच्चे एक ही परिवार के है भाई भाई के लडके है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने गुमइंसान की कायमी कर तलाश में जुट गई है। साथ ही तेंदूखेड़ा पुलिस ने मो.नंबर. 7725818725 जारी कर लोगो से अपील की है कि अगर कहीं बच्चे दिखाई दे तो तत्काल सूचना करे।



## थाना मुरवास पुलिस ने नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

नगर संवाददाता, विदिशा।

फरियादी मुरात खां ने दिनांक 05.05.2025 को थाना उपस्थित आकर अपनी नाबालिग भतीजी की गुम सुदा की रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी जिस पर से थाना मुरवास में अपराध क्रमांक 61/25 धारा 137(2) ब्रहस्का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था उक्त अपराध की गंभीरता को देखते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत रोहित काशवानी पुलिस अधीक्षक विदिशा के निर्देशन में, डॉ. प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं अजय मिश्रा एसडीओ(पी) लटेरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी मुरवास राजेश मिश्रा द्वारा गठित टीम को उक्त बालिका की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित टीम को साइबर सेल से प्राप्त लोकेशन के आधार पर अपराध की अपहर्ता एवं संदेही की तलाश हेतु मैंचरियल तेलंगाना रवाना किया गया जहां टीम द्वारा तीन दिन तक तलाश की गई एवं दिनांक 12.05.25 को मुखबिर सूचना पर टीम को सारंगपुर जिला शाजापुर भेजा गया टीम की तत्परता से उक्त अपराध की गुमशुदा को सारंगपुर जिला शाजापुर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया एवं अपहरण कर्ता सोहिल खान एवं सहयोगी रमजानी को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हे न्यायालय पेश किया जावेगा ।

उक्त अपहर्ता की पतारसी में उनि राजेश मिश्रा (थाना प्रभारी मुरवास) , उनि गौरव रघुवंशी ( प्रभारी सायबर शाखा) , उनि गोसिया सुल्तान , सउनि रामनरेश शर्मा, आर.941 प्रिन्स देवलिया, आर.852 सुल्तान सिह, आर.853 नीतेश छारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



**मेट्रो एंकर** बस ऑपरेटर स्टैंड कंडक्टरों की बैठक लेकर दिए एसडीओपी ने दिए निर्देश नियमों का करे पालन

# 16 वाहनों की जांच कर चालानी कार्रवाई करते हुए 7600 वसूले

नगर संवाददाता, विदिशा।

यातायात विभाग के नियमों का पालन वाहन चालक करें इसको लेकर गुरुवार को थाने में एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी पंकज गीते ,यातायात प्रभारी रितेश बघेला ने बस कंडक्टरों स्टैंड कंडक्टरों संगठन की बैठक लेते हुए कहां की वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। इसलिए सभी वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें सभी दस्तावेज फिटनेस से लेकर इमरजेंसी दरवाजे को चालू रखें अग्निशमन यंत्र फास्टेस्ट बॉक्स आदि भी बसों और वाहनों में आवश्यक रूप से रखें जो भी नियम का पालन नहीं करेगा उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा दोबारा से अनदेखी पाए जाने पर लाइसेंस, परमिट निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी अक्सर देखने में मिलता है कि यात्री बसों मे बचाव की सामग्री नहीं होती है कई वाहनों इमरजेंसी गेट नहीं खुलते हैं परमिट भी नहीं होता है बीमा भी नहीं होता है अन्य दस्तावेज भी नहीं रहते हैं इसके बाद भी वाहन दौड़ते रहते हैं चेकिंग में इनकी पोल खुलती है। चेकिंग में एक बस का इमरजेंसी गेट नहीं खुला जिसको बड़ी मुश्किल से खोला गया ऐसे हालात अन्य बहनों में भी देखने को मिलते हैं कभी घटना होती है तो यह खुलते ही नहीं है बिना जांच के ही फिटनेस बन जाता ही बुधवार को शक्ति बस की जब जांच की तो यातायात प्रभारी ने पाया कि उसका इमरजेंसी गेट खुला ही नहीं रहा था इसके बाद चालानी कार्रवाई की। यातायात पुलिस के द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर 16 वाहन चालकों से 7600 जुर्माना भी वसूला गया साथ ही इनको दस्तावेज तथा नियमों के पालन करने की हिदायत दी। दूसरी और बैठक में मौजूद बस कंडक्टर स्टैंड कंडक्टरों ने कहा कि हम सभी नियमों का पालन करेंगे जिनके पास जो दस्तावेज नहीं होंगे उनको जल्दी ही बनवाकर फिटनेस आदि के साथ सभी सामग्री यात्री बसों में मिलेगी इसके लिए हम लोग तैयार हैं इसके बाद भी कमी मिलने पर पुलिस चालानी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है उसका सहयोग करेंगे।



### नियमों का पालन नहीं करते

स्कूल वाहनों से लेकर ट्रक बसों में भी खुलेआम नियमों की अनदेखी की जाती है। इसके कारण कई बार हास्य होने पर बड़ी घटना हो जाती है उनको रोकने के लिए नियम लागू किए जाते हैं परमिट लेते समय नियम पालन करने का वादा करते हैं पर लेने के बाद भूल जाते हैं। ज्यादातर ऑटो बस चालक चालकों की लापरवाही देखने को मिलती है कई ऑटो बिना फिटनेस दस्तावेज बीमा के साथ क्षमता से अधिक बच्चों को बिठलाते हैं यही हाल यात्री बसों में होता है ट्रक वाले ओवरलोडिंग करते हैं। साथी फिटनेस के नाम पर खाना पूर्ति होती है कुछ तो बिना परमिट आदि के भी दौड़ते रहते हैं जिनकी पोल कुछ वर्षो पहले खुल चुकी है। वहीं यातायात पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया इसके चलते कई वाहन चालकों की मुश्किलों बढ़ गई है यह ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों से अपने वाहनों को ले जाते हुए नजर आ रहा है कुछ यात्री बसें भी खड़ी हो गई है। यातायात पुलिस कड़ाई से नियमों की जांच कर रही है। वहीं अधिकांश बसों के इमरजेंसी गेट बंद पड़े हुए हैं इनके अंदर फास्टेड बॉक्स नहीं मिलेंगे अग्निशमन यंत्र नहीं मिलेगा किराया सूची भी नहीं लगी है ड्रेस कोड में वाहन चालक नहीं रहते हैं जबकि इनका पालन इन सभी को करना चाहिए शासन दिशा निर्देशों में इनका पालन अनिवार्य रूप से करना है।

यातायात सूबेदार रितेश वाघेला ने बताया कि अभियान में नियमों के उल्लंघन कर रहे स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है, साथ ही थाने पर बैठक की गई रखी उसमें मुख्य बिंदु के बारे में बताया कि वाहन रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, फिटनेस, पीयूसी, वीएलटीडी अग्निशमन यंत्र इमर्जेंसी विंडो। प्राथमिक चिकित्सा किट ओवरलोड नहीं होनी चाहिए जो भी नियमों का पालन नहीं करेगा उन पर चालानी कार्रवाई करेंगे ।

विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस, द्वारा स्कूली एवं यात्री वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा ओवरलोडिंग जैसी गंभीर कमियाँ पाई गईं। कुल 16 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिनमें बसें भी शामिल थीं। उक्त कार्रवाई के तहत कुल 7600/- का शमन शुल्क वसूलते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कान्स समारोह में मंच पर भावुक हुए नीरो, टैरेंटिनो ने किया माइक ड्रॉप

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरूआत हो चुकी है। समारोह में रेड कार्पेट लुक से लेकर वर्ल्ड प्रीमियर और स्क्रीनिंग तक सिनेमा प्रेमियों के लिए बहुत कुछ है।



उद्घाटन समारोह में हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो को पाम डी'ओर से सम्मानित किया गया। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने उन्हें पुरस्कार दिया। इस दौरान रॉबर्ट डी नीरो भावुक हो गए। उन्होंने लियोनार्डो डिकैप्रियो को मंच पर गले लगाया। अवॉर्ड मिलने पर समारोह में मौजूद सभी लोगों ने रॉबर्ट डी नीरो के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत अमेरिकन एक्टर-डायरेक्टर क्वेंटिन टैरेंटिनो माइक ड्रॉप करते हुए किया। उन्होंने ऐसा करके सभी को चौंका दिया। एक्टर ने घोषणा करते हुए कहा कि कान आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है।

अमेरिकी मॉडल बेला हदीद ने फेसेटिवल में एक खूबसूरत ड्रेस में पहुंचीं। उन्होंने रेड कार्पेट पर वॉक करते हुए पोज दिए। इस दौरान उन्होंने सेंट लॉरेंट बाय एंथनी वैकारेलो की एक कस्टम ब्लैक ड्रेस पहनी थी।

समारोह के पहले दिन गायिका माइलिन फार्मर ने अपना नया गाना 'कन्फेशन' गाया। इस गाने को सिंगर ने अपने दोस्त, निर्देशक, अभिनेता और पटकथा लेखक डेविड लिंच को समर्पित किया। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## विजय की 'किंगडम' के लिए फैंस को करना होगा इंतजार, अब जुलाई में होंगे दीदार

विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम, जो पहले 30 मई, 2025 को रिलीज होने वाली थी, अब स्थगित हो गई है। निर्माताओं ने नई रिलीज तारीख 4 जुलाई, 2025 घोषित की है।



गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर ड्रामा फिल्म हाल की घटनाओं के कारण टाल दी गई है। निर्माताओं ने कहा, ₹हाल की अप्रत्याशित घटनाओं और देश के माहौल के कारण प्रचार करना मुश्किल हो गया। हम चाहते हैं कि किंगडम को बेहतरीन तरीके से पेश किया जाए। हम आपके समर्थन की सराहना करते हैं और 4 जुलाई को सिनेमाघरों में आपसे मिलने की उम्मीद करते हैं।₹

फिल्म में विजय देरकोंडा के साथ मुख्य भूमिका में भाग्यश्री बोरसे नजर आएंगी। किंगडम का निर्माण सिथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज ने किया है। इस फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। कथित तौर पर फिल्म की शूटिंग, जून 2023 में शुरू हुई थी। इसकी शूटिंग हैदराबाद, विशाखापत्तनम, केरल और श्रीलंका में हुई हैं।

### भोजपुरी

## 'ससुराल गेंदा फूल' का सामने आया फर्स्ट लुक सफेद घोड़े पर दुल्हनिया बनीं ऋचा पर दर्शक लट्टू

भोजपुरी सिनेमा में 'ससुराल गेंदा फूल' नामक एक नई फिल्म आने वाली है। ए स आ र के म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड ने इसे बनाया है। फिल्म में ऋचा दीक्षित मुख्य भूमिका में हैं।



वह घोड़ी पर चढ़कर ससुराल जाती हैं। फिल्म का निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है। रितेश उपाध्याय और समर्थ चतुर्वेदी भी फिल्म में दिखेंगे।

भोजपुरी इंडस्ट्री में धमाल मचाने आ रही है एक नई मनोरंजक और पारिवारिक फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल', जिसका फर्स्ट लुक हाल ही में जारी किया गया है। SRK म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बनी इस फिल्म में दर्शकों को एक दमदार महिला प्रधान किरदार में अभिनेत्री ऋचा दीक्षित नजर आएंगी, जो घोड़ी चढ़ कर अपने ससुराल जाती हैं। पोस्टर में ऋचा की सजी-धजी दुल्हन के लुक ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

ऋचा दीक्षित ने फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' को लेकर अपनी खुशी और उत्साह साझा करते हुए कहा, 'यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है। इसमें मेरा किरदार पारंपरिक सोच को तोड़ता है और एक नई मिसाल पेश करता है। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी तय कर लिया था कि इस किरदार को जरूर निभाना है। एक दुल्हन का घोड़ी चढ़ कर ससुराल जाना समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है – कि अब लड़कियां भी आत्मनिर्भर, मजबूत और फैसले लेने वाली बन चुकी हैं।'

ऋचा ने आगे कहा, 'फिल्म पूरी तरह पारिवारिक, मनोरंजक और सामाजिक संदेश से भरपूर है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उतना ही प्यार देंगे जितना हमने इसे बनाने में मेहनत की है। शूटिंग के दौरान पूरी टीम का साथ और माहौल बेहद अच्छा रहा। खास तौर पर निर्देशक संजय श्रीवास्तव जी और को-एक्टर्स ने हर सीन को जीवंत बनाने में अहम भूमिका निभाई।' एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के तले बनी इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के उभरते सितारे ऋतेश उपाध्याय और अनुभवी कलाकार समर्थ चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवाल, सोनिया मिश्रा, पूजा ठाकुर, शिल्पी राघवानी जैसे नामचीन चेहरे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म को संजय श्रीवास्तव ने डायरेक्ट किया है, जबकि रोशन सिंह इसके निर्माता और शर्मिला आर. सिंह सह-निर्माता हैं।

## लाइफ स्टाइल

### फैशन डिप्लोमैसी



नीदरलैंड की राजधानी हेग में इंडोनेशियाई वर्षगांठ राजनयिक स्वागत समारोह के दौरान मॉडल सुंबा बुनाई और टुटी चोलिड ने अपनी परंपरागत वेशभूषा बाटिक और जम्पुटन प्रदर्शित की। डिजाइनर डेनी विरावन और टुटी चोलिड का यह कलेक्शन ₹पर्सेबाहन अनक नेगेरी₹ नाम के इस फैशन शो में बेहद सराहा गया। यहां देश-विदेश के मेहमान मौजूद थे।

## कानों में पहनने के बाद अच्छे लगेंगे ये सोने के झुमके

गहने पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर अलग-अलग तरह की ज्वेलरी खरीदकर स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमारा लुक अच्छा नजर आता है। गोल्ड के झुमके भी पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आप इस तरह के झुमके को कानों में पहनकर लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के झुमके को पहनकर आप खूबसूरत नजर आ सकती हैं।



### गोल्ड के झुमके डिजाइन

आप लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ पान की पत्ती का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ स्टोन मिलेगा। झुमकी में छोटी-छोटी लटकन का डिजाइन मिलेगा। इससे झुमके पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा।

### मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके

आप कुछ अलग डिजाइन को ट्राई करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ जो डिजाइन मिलेगा वो आपको मोर का मिलेगा। नीचे की तरफ आपको लटकन भी मोती के डिजाइन की मिलेगी। इससे झुमके आप किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### लेयर डिजाइन वाले झुमकी डिजाइन

आप अगर साड़ी के साथ गोल्ड के झुमके डिजाइन को सर्च कर रही हैं, तो ऐसे में आप लेयर डिजाइन वाली झुमकी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको उभरा हुआ डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आप थोड़े से घुंघरु डिजाइन को भी लगा सकती हैं। इससे आपकी झुमकी हैवी नजर आएगी। साथ ही, इसका गोल्ड कलर और अच्छा लगेगा।

### लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी

कानों में पहनने के लिए आप लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी में आपको ऊपर की तरफ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इसके बाद नीचे की तरफ लटकन और झुमकी मिलेगी। इसे आप सिंपल डिजाइन में खरीदें। इससे आपका इयररिंग्स डिजाइन अच्छा नजर आएगा। इस बार कानों में पहनने के लिए इन इयररिंग्स को ट्राई करें। इससे आपका लुक चेंज हो जाएगा। साथ ही, आपके झुमके में अलग तरह के डिजाइन भी मिल जाएंगे। जिसे आप किसी खास दिन के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

## न्यू को-ऑर्ड सेट्स आउटिंग के लिए हैं बेस्ट, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

### फैशन





आउटिंग के दौरान अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह के न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

दोस्तों या फैमिली के साथ घूमने के दौरान महिलाएं ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं और इसके लिए इस तरह के आउटफिट स्टाइल करती हैं। जिसमें वो खूबसूरत नजर आए साथ ही, वो कंफर्टेबल भी रहे। ऑनलाइन प्लेटफार्म साथ ही, बाजार में आपको कई तरह के आउटफिट मिल जाएंगे जिन्हें आप आउटिंग के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो, आप ये न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, स्टाइलिश भी नजर आएंगी।

### न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के दौरन स्टाइलिश और बेस्ट नजर आने के लिए हम आपको 3 तरह के को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आप आउटिंग के दौरान भीड़ से अलग नजर आने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के सबसे अलग और ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट लाइट कलर में है साथ ही, इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आएगा और यह आपको 700 से 800 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।इस प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट के साथ हील्स साथ ही, सिंपल इयरिंग्स स्टाइल कर सकती है।

### फ्लोरल को-ऑर्ड सेट

अगर आप बीच या कहीं ऐसी लोकेशन पर घूमने जा रही हैं जहां का मौसम सामान्य है तो, आप इस तरह के फ्लोरल को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं।

## वेडिंग सीजन में साड़ी-लहंगे सबके संग जचेंगे बन हेयर स्टाइल

कहा जाता है ऑउटफिट के बाद हेयर स्टाइल का स्टाइलिश होना बेहद जरूरी होता है। तभी जाकर हमारा लुक कंप्लीट होता है। हेयर स्टाइल स्मार्ट होने से हमारा लुक अलग ही निखर कर आता है। अधिकतर लोग ऑउटफिट का तो चयन आसानी से कर लेते हैं, लेकिन हेयर स्टाइल को लेकर काफी कन्फ्यूज रहते हैं। यदि आपके साथ भी इसी तरह की दिक्कत होती है, तो आपको कुछ सिंपल और क्लासी हेयर स्टाइल के बारे में सोचना चाहिए।



### डोनट फ्लावर बन हेयर स्टाइल

इस तरह की हेयर स्टाइल अक्सर अपने ब्राइड के लुक में जरूर देखी होगी। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आसानी से इसे बनवा या बना सकती हैं। अन्यथा आपको इसका थोड़ा लाइट नजर आएगा। इसको बाल मोड़कर राउंड शेप देकर पिन से टक किया जाता है। इसके बाद आप बन के अगल-बगल फ्लावर या गजरा लगा सकती हैं। यह हेयर स्टाइल साड़ी और लहंगे दोनों एक संग जंचती है।

### ट्विस्टेड लो बन हेयर स्टाइल

यह हेयर स्टाइल काफी स्मार्ट लुक देती हैं। हालांकि इसको बनाना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन बनने के बाद यह काफी सुंदर दिखती है। इस हेयर स्टाइल के फ्रंट में आप ब्रेड बनाकर ट्विस्ट भी कर सकती हैं। साथ में फ्रंट फ्लिक्स लुक भी दे सकती हैं। इस हेयर स्टाइल के बनने के बाद आप बीच में बीड्स भी लगा सकती हैं। इस तरह की हेयर स्टाइल साड़ी पर काफी ब्यूटीफुल लुक देती हैं।

## छोटे कद की हैं तो वॉर्डरोब में शामिल करें इस तरह की हील्स, हाइट के साथ एलिगेंट लुक भी मिलेगा

हमारी वॉर्डरोब में कितने तरह-तरह के शूज और सैंडल्स होती हैं, जिन्हें हम लंबा दिखने के लिए पहनती हैं। लेकिन हर हील्स आपको कम्फर्ट, स्टाइल और एलिगेंस नहीं देती। सही तरह की हील्स चुनना भी बेहद जरूरी है, ताकि न सिर्फ हाइट लंबी लगे, बल्कि लुक भी ग्रेसफुल और ट्रेंडी दिखे। इस लेख में, मैं उन हील्स के बारे में बताने जा रही हूं, जो छोटे कद वाली महिलाओं के वॉर्डरोब में जरूर होनी चाहिए।



### किटन हील्स

अगर आप बहुत ऊंची हील्स पहनने में सहज नहीं हैं, तो किटन हील्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। इनकी हील्स छोटी होती हैं। मगर यह काफी स्टाइलिश होती हैं और इससे हाइट में डिसेंट लेवल तक लंबी लगती है। किटन हील्स को लंबे समय तक पहनने पर भी थकावट महसूस नहीं होती। यह ऑफिस वियर, पार्टी लुक और ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ बहुत अच्छी लगती हैं। एक न्यूड या ब्लैक कलर की किटन हील्स हर आउटफिट के साथ मैच हो सकती है।

### प्लैटफॉर्म हील्स

कुछ महिलाएं वेज हील्स और प्लैटफॉर्म हील्स में कन्फ्यूज होती हैं। इनका निचला हिस्सा एक समान होता है। प्लैटफॉर्म हील्स एक बार फिर फैशन में ट्रेंड कर रही हैं। ये हील्स न केवल हाइट में इजाफा करती हैं, बल्कि स्टाइल में भी एलीगेंस और क्वर्कीनेस दोनों लेकर आती हैं।

### कार्नर न्यूज


### इन गलतियों का भुगतना पड़ सकता है खामियाजा

## स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो ये आर्टिकल आपके लिए ही लिखा गया है। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें। आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है



फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं।

इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली।

शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।



### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। एसपीएफ 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

## दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होगा मैच

**एजेंसी ■ दुबई**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है।

जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के




आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। श्री शाह ने कहा, आईसीसी की ओर से मैं दोनों टीमों के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### हम फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं-बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा, हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं, यह हमारे लिए आईसीसी खिताब जीतने का एक अच्छा अवसर है। हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।

### हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की-कमिंस

ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है और यह हम सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है।

---

### इटालियन ओपन

## सबालेंका को हराकर झेंग किंवेन सेमीफाइनल में

**एजेंसी ■ रोम**



चीन की ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गॉफ से होगा। 22 वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी। पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्कारेज ने जैक ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब




उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से हराया। गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6-4, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने नये पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफे में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

# हरमनप्रीत कौर होंगी कप्तान

# शैफाली वर्मा की टीम में वापसी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 5 मैचों की टी20 और 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। दौरे के लिए गुरुवार (15 मई) को हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम का ऐलान हो गया है। वुमेंस प्रीमियर लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद ओपनर शैफाली वर्मा का टी20 टीम में वापसी हो गई है, लेकिन वनडे टीम में उन्हें नहीं चुना गया है।

2025 की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू करने वाली सायाली सतघरे की भी वापसी हुई है, लेकिन शैफाली के विपरीत वह दोनों टीमों में शामिल हैं। श्रीलंका में हाल ही में संपन्न त्रिकोणीय वनडे सीरीज में हिस्सा लेने वाली टीम से काशवी गौतम की जगह क्रांति गौड़ को शामिल किया गया है। इसके अलावा सायाली को भी टीम में शामिल किया गया है।



**टी20 टीम में बड़े पैमाने पर बदलाव-** टी20 टीम में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं। यास्तिका भाटिया और हरलीन देओल जैसी खिलाड़ियों की वापसी हुई है, जबकि स्नेह राणा को भी हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के बाद टीम में जगह मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पिछली टी20 सीरीज में ओपनिंग करने वाली उमा छेत्री को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

### 28 जून से 22 जुलाई तक का दौरा

चयनकर्ताओं ने टी20 मैच के लिए वनडे कोर के अधिकांश खिलाड़ियों को ही टीम में रखा है। यह दौरा 28 जून को ट्रेंटब्रिज में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होगा। पांच मैचों की सीरीज के समापन के बाद टीमें तीन वनडे मैच खेलेंगी, जिसका समापन 22 जुलाई को होगा।

### भारतीय टी20 टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

---

## शोएब ने पीसीबी का मेंटर पद छोड़ा

**लाहौर।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। मलिक का इस्तीफा सार्वजनिक होने के बाद मीडिया रिपोर्टों ने बताया कि पीसीबी ने सभी पांच मेंटरों को हटाने का फैसला किया है। हालांकि पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड को इस बारे में नहीं बताया है।




## इंग्लैंड ने गेंदबाज इस्सी को वापस बुलाया

### वेस्टइंडीज से एकदिवसीय और टी-20 सीरीज खेलेगी

**एजेंसी ■ लंदन**

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए घोषित 14 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को वापस बुलाया है।

चयनकर्ताओं ने हीथर नाइट के इस्तीफे के बाद स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट को तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों के लिए पूर्णकालिक कप्तान की जिम्म्मदारी सौंपी है। वोंग की वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इसके साथ ही एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स और एम्मा लैम्ब की भी एकदिवसीय टीम में वापस आयी है। इस सीरीज में तेज गेंदबाज एमिली




अर्लट भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। उन्हें टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

**इंग्लैंड की टी-20 टीम-** नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एमिली अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, इस्सी वोंग और डैनी वायट-हॉज।

### एकदिवसीय टीम

नेट सायवर-ब्रंट (कप्तान), एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, एमिली अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, केट क्रॉस, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, माहिका गौर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब और लिंसे स्मिथ।

---

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025

## तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन हरियाणा ने जीते तीन स्वर्ण पदक



**राजगीर।** हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते। आज यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई।

## कर्नाटक की लड़कियों और उप्र के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण पदक

**एजेंसी ■ पटना**

कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते।

आज यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया। हरियाणा




की ओर से काफी ने 22, भूमि कतारिया ने 22 और वैष्णवी ने 13 का स्कोर किया। वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लड़कों के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला कड़ा और कम स्कोर वाला रहा। एक समय दोनों टीमें लगभग बराबरी पर थीं। अंतिम क्वार्टर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक-एक थ्री-पॉइंटर लगाया, जिससे राजस्थान के लिए मैच में वापसी मुश्किल हो गई। राजस्थान के खिलाड़ियों ने कई फाउल किए। अंततः उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को 31-30 के स्कोर से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह लगातार दूसरी बार है जब राजस्थान की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## पटना में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीता



**इंदौर** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि, पटना में सम्पन्न हुई खेलो इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने 2 पदक जीते निश्चित जैसवाल ने रजत जीता व हिमांशु राठौर ने कांस्य जीता। इनके साथ प्रभारी के रूप में गोविंद गुजर व कोच विनय कुमार, जगदीश पटेल गए थे। खेलों इंडिया कुश्ती में पदक जीतने पर ओलंपियन पप्पू यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव ने बधाई दी। साथ ही मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने भी पहलवानों को बधाई दी।

## मेंडिस गुजरात टाइटंस में हुए शामिल

**एजेंसी ■ अमहदाबाद**

श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जॉस बटलर की जगह प्लेऑफ के लिए गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल होंगे।



पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए खेल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने सात मई को टीम के लिए आखिरी मैच खेला था। ऐसा माना जा रहा अब सुरक्षा को लेकर चिंताओं के कारण वह पाकिस्तान नहीं जाएंगे। उन्होंने अब आईपीएल की ओर रुख किया है। बटलर का इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में चयन हुआ है।

## दासनायके अमेरिका क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त

**एजेंसी ■ कोलंबो**

श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

दासनायके ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय




दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाई थी।दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले। अमेरिका की टीम का फिर से कोच बनाये जाने पर दासनायके ने कहा, अमेरिका पुरुष राष्ट्रीय टीम में वापस आना और उसका नेतृत्व करना सम्मान की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम तिवारी को वीर भारत न्यास का न्यासी सचिव किया नियुक्त



**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए श्रीराम तिवारी, मुख्यमंत्री संस्कृति सलाहकार एवं वर्तमान में संस्कृति विभाग में पदस्थ अधिकारी को वीर भारत न्यास भोपाल का न्यासी सचिव नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें पूर्णकालिक अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपी गई है। इसका आदेश 13 मई 2025 को जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, तिवारी महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक पद के साथ-साथ अब वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव का कार्य भी अतिरिक्त रूप से संभालेंगे। शासन ने यह स्पष्ट किया है कि इस नई जिम्मेदारी के लिए तिवारी को किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतन, मानदेय या अन्य आर्थिक लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

### आज 30 इलाकों में रहेगी 5 से 8 घंटे तक बिजली कटौती

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के करीब 30 इलाकों में शनिवार को 5 से 8 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें बैरसिया रोड, सलैया, आरिफ नगर, करोंद, निशातपुरा, मिसरोद जैसे कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में नागरिकों को परेशानी से बचने के लिए अपने जरूरी काम पहले ही निपटाने की सलाह दी जा रही है। इन इलाकों में पड़ेगा असर- सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मिसरोद फेस-2, सलैया, ब्रिटिश पार्क, महर्षि वेद विज्ञान, चैतन्य शिक्षा समिति, महर्षि इन्फॉर्मेशन, ग्रीन मिडोज कॉलोनी, 11 मील गार्डन सिटी कॉलोनी, आरआरजी कॉलोनी, छान एवं आसपास के इलाकों में बिजली कटौती रहेगी। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मेंडोरा, कृषि संस्थान, डेयरी स्टेट, बरखेड़ीखुर्द, शारदा विहार, केरवा पंप एवं आसपास के इलाकों में बिजली कटौती रहेगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निशातपुरा, आरिफ नगर, बैरसिया रोड, कृषि अनुसंधान कॉलोनी, बृज कॉलोनी, माया इन्क्लेव, नवीबाग, देवकी नगर, करोंद, पंचवटी फेस-1 और 2, एवं आसपास के इलाकों में बिजली कटौती रहेगी। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिसनखेड़ी, वन स्मृति एवं आसपास के इलाकों में बिजली कटौती रहेगी ।

### आईजी पंजीयन के आदेश का विरोध, अधिकारी-कर्मचारी संघ ने लिखा पत्र

**भोपाल।** आईजी पंजीयन के एक आदेश के खिलाफ मध्य प्रदेश पंजीयन विभाग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी है। दरअसल, आईजी ने शुक्रवार सुबह शनिवार की छुट्टी वाले दिन भी कुछ संभागों में सब रजिस्ट्रार दफ्तर खोलने का आदेश दिया। शुक्रवार शाम को संघ के पदाधिकारियों ने आईजी को पत्र लिख कर सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दे डाली। संघ का कहना है कि संपदा 2.0 वर्जन लागू होने के बाद सर्वर का इश्यू हमेशा बना रहता है। सब रजिस्ट्रार्स को देर रात तक काम करना पड़ता है। ऐसे में वे अपने परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। इसलिए आईजी पंजीयन यह आदेश वापस लें अन्यथा सभी अधिकारी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे।

---

भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर नगर निगम ने नहीं बनाई व्यवस्था

# लिंक रोड के 5 वर्ग किमी के दायरे में नहीं मिलेंगे 5 प्याऊ

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

सार्वजनिक प्याऊ के नाम पर नगर निगम की व्यवस्था कागज भर में सिमटकर रह गई है। 5 वर्ग किमी के दायरे में लोगों को 5 प्याऊ भी नहीं मिल रहे हैं। लिंक-रोड नंबर-1 और 2 नजीर के तौर पर शहर में सामने आए हैं। जहां सरकार के विभागीय मुख्यालयों और स्कूल-कॉलेज के बाद भी पेयजल मुहैया कराने की जरूरत नहीं समझी गई है।

बता दें कि नगर निगम द्वारा गर्मी को देखते हुए शहर भर में अस्थाई प्याऊ स्थापित करने का दावा किया जा रहा है। गुरुवार को स्वदेश की पड़ताल में सामने आई वास्तविकता चौकाने वाली है। लिंक रोड नम्बर 1 और 2 के करीब 5 वर्ग किमी के दायरे में मुख्य मार्ग से इतर कनेक्टिंग रास्तों में भी प्याऊ नहीं दिखाई दिया। महावीर चौराहे के पास एक प्याऊ नजर भी आया तो वह बदइंतजामी का शिकार मिला। लोहे के तारों से बंधे गंदे मग्गे और खुले मटके को देखते हुए शायद ही यहां कोई पानी पीने के लिये रुकता होगा।

**इसलिये है यहां पानी की जरूरत :** मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर मातामंदिर चौराहे तक जाने वाले लिंक रोड क्रमांक 2 करीब 3.5 किमी लंबा है। इस सड़क पर सुभाष स्कूल और सरोजनी नायडू कॉलेज के साथ ही सरकार के तीन बड़े मुख्यालय भवन जिसमें वन विभाग, जलसंसाधन विभाग का नर्मदा भवन और उर्जा विकास निगम के कार्यालय हैं। इनके प्रशासकीय महत्व को देखते हुए यहां प्रदेश भर के लोगों का अवागमन बना रहता है। इन कार्यालयों के आस-पास बाजार आदि भी नहीं है। इसके बाद भी निगम द्वारा सार्वजनिक प्याऊ स्थापित करने की जरूरत नहीं समझी है। शासकीय आवासीय क्षेत्र होने से यहां होटल-आदि का भी अभाव है।




**बोर्ड ऑफिस चौराहे के बाद नगर निगम का एक भी प्याऊ नहीं**

बोर्ड ऑफिस चौराहे से नानके पेट्रोल पंप के बीच स्थित लिंक रोड नंबर 1 में भी यही स्थिति मिली है। बोर्ड ऑफिस चौराहे के बाद नगर निगम का प्याऊ पूरे रास्ते कहीं नहीं मिलेगा। गुजराती भवन के पास एक मंत्री ने जरूर अपने पिता की याद में प्याऊ समर्पित किया है। बावजूद इसके पूरे रास्ते नीबू पानी और शिकंजी ठेलों के अलावा लोगों के पास प्यास बुझाने के दूसरे विकल्प नहीं मिलेंगे।

**जिम्मेदारों के वार्ड के हालात खराब**

लिंक रोड 1-2 के 5 वर्ग किमी क्षेत्र में वार्ड 31 है। भाजपा पार्षद बृजला सचान यहां पार्षद और जोन 7 की अध्यक्ष है। सेकेंड स्टॉप बाजार में यहां विद्युत मंडल कार्यालय और अंबेडकर पार्क भी है। यहां दिन भर लोगों का आवागमन बना रहता है। इसके बाद भी बाजार में कहीं प्याऊ नहीं नजर आएगा। 5 नंबर क्षेत्र कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू के वार्ड में है। दुर्गा पेट्रोल पंप से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बीच में कहीं नगर निगम का प्याऊ नजर नहीं आया। इनका कहना है कि इस असंवेदनशील रवैये को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

**देर से आई सरोकार की सुध**

प्याऊ जैसे सरोकार से जुड़े आयाम की जरूरत हालांकि शहर में अप्रैल से महसूस की जाने लगी थी। बावजूद इसके निगम प्रशासन प्रबंध नहीं कर पाया। अब जबकि आधा मई बीत चुका है, लोगों को प्याऊ ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना उन लोगों को करना पड़ रहा है, जो दूरदराज के क्षेत्रों से राजधानी में किसी न किसी काम को लेकर आते हैं।

---

आग की घटना को लेकर मांगी रिपोर्ट

# सुप्रीम कोर्ट की नगर निगम को फटकार

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

आदमपुर कचरा खंती में अप्रैल में लगी भीषण आग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम को फटकार लगाई है। वहीं, इस घटना की जांच सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) से मांगी गई है। 25 जुलाई को फिर सुनवाई होगी।

पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर एनजीटी में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई। दूसरी ओर, पर्यावरणविद् डॉ. पांडे की ओर से अभिभाषक हर्षवर्धन पांडे ने पक्ष रखा।

**आग अभी भी लग रही है :** पर्यावरणविद् डॉ. पांडे ने बताया, सुनवाई के दौरान अभिभाषक पांडे ने कोर्ट में तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि जिस बात के लिए निगम ने याचिका दाखिल की है, वह तो अभी भी लग रही है। पांडे ने 22 अप्रैल को आदमपुर खंती में लगी भीषण आग का उल्लेख भी किया। यह आग कई दिन में बुझी। धुआं कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दिया।



**15 दिन तक लगी रही आग**

डॉ. पांडे ने बताया कि 22 अप्रैल को लगी आग को लेकर मैंने सुप्रीम कोर्ट में फिर से याचिका दाखिल की थी। जिस पर अर्जेंट सुनवाई की गई। इसमें बताया कि यह आग 15 दिन तक लगी रही। इस कारण आसपास के कई गांव के लोग प्रभावित हुए। आज आदेश में कोर्ट ने कहा कि नगर निगम सॉलिड वेस्ट का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि नियमों का पालन करते तो कचरे का इतना बड़ा पहाड़ नहीं लगता। कचरे के ढेर अलग-अलग होने चाहिए थे। यदि ऐसा होता तो इतनी भीषण आग नहीं लगती।

---

# एम्स में महिला का हुआ जटिल ब्रेन एनेउरिजम का सफल उपचार

**पिनहोल प्रक्रिया से हुआ इलाज**

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

एम्स में शुक्रवार को जटिल ब्रेन एनेउरिजम का उपचार अत्याधुनिक पिनहोल प्रक्रिया से सफलतापूर्वक कर मरीज की जान बचाई गई। यह प्रक्रिया मरीज की कलाई की नस के माध्यम से की गई, जिससे ओपन ब्रेन सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ी।

एम्स के डॉक्टरों के अनुसार 60 वर्षीय महिला मरीज को जटिल बेसिलर आर्टरी एनेउरिजम के फटने से सब-अरैकनॉयड हेमरेज हुआ था। उन्हें एम्स भोपाल के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी ट्रीटमेंट सेंटर में रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ टीम ने एंडोवैस्कुलर तकनीक के अंतर्गत स्टेंट-असिस्टेड कॉइलिंग की सलाह दी। इस प्रक्रिया के तहत, मरीज की कलाई की एक सूक्ष्म धमनी में अत्यंत बारीक छेद के माध्यम से एक कैथेटर डाला गया। रेडियोलॉजिस्ट्स की टीम ने इसे मस्तिष्क में स्थित एनेउरिज़्म तक पहुंचाया। वहां एक स्टेंट स्थापित कर एनेउरिजम को भरा गया, जिससे रक्तस्राव की संभावना समाप्त हो गई। यह संपूर्ण प्रक्रिया एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में बिना किसी बड़े चीरे के की गई। मरीज स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दी गई है। खास बात ये है कि यह इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत हुआ।



---

विद्यालयों के प्राचार्यों को जारी किए निर्देश

# सभी सीबीएसई स्कूलों में होगी शुगर बोर्ड की स्थापना

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों के बाद अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी सभी अपने स्कूलों में शुगर बोर्ड की स्थापना करने का फैसला लिया है। इस संबंध में विद्यालयों के प्राचार्यों को शुक्रवार को निर्देश पत्र जारी किया गया है।

बता दें कि सीबीएसई, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के साथ मिलकर कर यह शुरुआत रहा है, जो बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। सीबीएसई ने जारी आदेश में प्राचार्यों से कहा कि स्कूलों में शुगर बोर्ड का गठन करें। इसमें बच्चों को किस तरह से स्वस्थ स्कूल वातावरण देंगे, शुगर जांच की क्या योजना रहेगी?, अभिभावकों को बच्चों को शुगर से संबंधित पदार्थों का सेवन करने जागरुकता लाने विद्यालयों को एक संक्षिप्त रिपोर्ट तस्वीरों के साथ पीडीएफ फॉर्म में दिए लिंक पर 15 जुलाई तक साझा करना होगा। इस संबंध में सीबीएसई भी स्कूल प्रबंधन को बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारियां देने में मदद करेगा।




**बच्चों में बढ़ रहा टाइप टू डायबिटीज डिसीज**

सीबीएसई स्कूलों के संगठन के फॉदर सोजन जोसेफ ने बताया कि पिछले दशक में बच्चों के बीच टाइप टू डायबिटीज के मामलों में वृद्धि देखी गई है। इसका मुख्य कारण चीनी का अधिक सेवन है। जो अक्सर स्कूल के वातावरण में मीठे स्नेक्स, पेय पदार्थों जैसे कोल्ड ड्रिंक, जंक फूड इत्यादि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की आसानी से उपलब्धता के कारण होता है। इससे मधुमेह ही नहीं बल्कि मोटापा, दातों से संबंधित समस्या और अन्य बीमारियों को भी योगदान मिलता है। इससे बच्चों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ता है। बच्चों में चीनी के सेवन की निगरानी करके इसे कम करने के उद्देश्य के साथ शुगर बोर्ड स्थापित करने फैसला लिया गया है।

---

आरजीपीवी कॉलेज के 12वें दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल-

# नौकरी करने वाले नहीं देने वाले बनें

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

विश्वविद्यालयों को इस दिशा में काम करना चाहिए कि विद्यार्थी केवल प्लेसमेंट पाने तक सीमित न रहें, बल्कि इतना सक्षम बनें कि वे दूसरों को रोजगार दे सकें। यदि हम इस सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तो यह विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि होगी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी विद्यार्थियों और पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

यह बात कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में शुक्रवार को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में कही। कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य डॉ. विजय कुमार सारस्वत,तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और कुलपति प्रोफेसर राजीव त्रिपाठी की भी उपस्थिति रहे। उन्होंने कहा, यह सफलता केवल आपकी नहीं, बल्कि आपके माता-पिता की भी है। जब विद्यार्थी मंच पर पदक लेने आते हैं, तो वह उनके लिए गौरव का क्षण होता है – उन्हें लगता है कि उन्होंने कुछ कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री लेने का दिन नहीं है, बल्कि यह आपके करियर को तय करने का भी अवसर है। अब आपको केवल नौकरी पाने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बनकर सोचना चाहिए।



---

# हाईटेक प्रोडक्शन हाउस बनाएगा एमसीयू

**विद्यार्थियों के बीच कुलगुरु ने की घोषणा**

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय हाईटेक प्रोडक्शन हाउस बनाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो विजय मनोहर तिवारी ने की। वह पत्रकारिता विभाग में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। यह विभाग के अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था।

श्री तिवारी ने इस दौरान विश्वास जताया कि यह प्रयास छात्रों की व्यवहारिक शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके पहले उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की पढ़ाई आपको विशिष्ट बनाती है।



**आपके पंखों की उड़ान बड़ी होनी चाहिए**

पत्रकारिता का क्षेत्र इतना विस्तृत है कि आप हर विषय के शिखर तक पहुंच सकते हैं, सवाल कर सकते हैं। यह आपकी पहुंच बनाने वाली विधा है। आपके पंखों की उड़ान बड़ी होनी चाहिए। इस क्षेत्र की कोई सरहद नहीं हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी सहित विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# नीति विरुद्ध शिक्षकों के तबादलों पर घिरा विभाग

**उच्च न्यायालय ने सरकार से मांगा जवाब**

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

शिक्षा विभाग की घोषित तबादला नीति के खिलाफ शिक्षकों के तबादला करने के मामल में उच्च न्यायालय ने सचिव शिक्षा, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से जवाब मांगा है। न्यायालय ने पूछा है कि शिक्षा विभाग में स्थानांतरण नीति के विरुद्ध चहेतों को स्थानांतरण करने और उच्च माध्यमिक शिक्षक को वरिष्ठता के आधार पर अतिशेष घोषित क्यों किया गया।

उच्च न्यायालय में न्यायाधिपति डीडी बंसल की सिंगल बेंच में याचिकाकर्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शाउमावि) कुम्हारी जिला बालाघाट में पदस्थ शिक्षिका अनुसुइया सोनवे की याचिका पर सुनवाई कर प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, सहित जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट, संकुल प्राचार्य शाउमावि कुम्हारी जिला बालाघाट और स्थानांतरण करवाले वाली शिक्षिका लोकेश्वरी चंद्रवार को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को स्थानांतरण की चॉइस करने के लिए विवश किया जा रहा है। इस बात के संज्ञान में आते ही न्यायालय द्वारा स्थानांतरण आदेश आने पर उसको रोक लगाने की बात कही।

**शिक्षकों के तबादलों में ऐसे होता है खेल:** शिक्षा विभाग द्वारा पद को सरप्लस घोषित किए जाने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शाउमावि) कुम्हारी जिला बालाघाट में पदस्थ शिक्षिका अनुसुइया सोनवे ने उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की। याचिका में बताया कि स्कूल में उच्च माध्यमिक शिक्षक जीव विज्ञान का एक पद स्वीकृत है,जिस पर याचिकाकर्ती शिक्षिका वर्ष 2012 से पदस्थ है। सितम्बर 2024 में एजुकेशन पोर्टल में याचिकाकर्ती शिक्षिका अनुसुइया सोनवे की आईडी इनवैलिड दिखाया। जिस पर याचिकाकर्ता ने संकुल प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट और लोक शिक्षण संचनालय भोपाल को अभ्यावेदन कर पोर्टल में हुई गड़बड़ी को ठीक करने का निवेदन किया, लेकिन लोक शिक्षण संचालनालय ने गड़बड़ी को ठीक नहीं किया। आईडी इनवैलिड होने से उच्च माध्यमिक शिक्षक जीव विज्ञान का पद एजुकेशन पोर्टल रिक्त दिखाई देने लगा। ऐसे में लोशिसं भोपाल द्वारा शिक्षा पोर्टल में रिक्त पदों पर स्थानांतरण के लिए शिक्षकों की काउंसिलिंग कराई गई, जिसमें शाउमावि कुम्हारी में उच्च माध्यमिक शिक्षक जीव विज्ञान के पद पर अन्य शिक्षिका लोकेश्वरी चंद्रवार ने चयन किया। जिसका अक्टूबर 2024 में स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया गया। इस स्थानांतरण के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट ने लोक शिक्षण संचनालय भोपाल को पत्र लिखकर अवगत कराया।

---

**मौसम** अगले दो से तीन दिनों में गर्म हवाएं चलने की संभावना

# मप्र में 43 डिग्री पार हुआ पारा, गर्मी ने किया बेहाल

**भोपाल (नगर संवाददाता)**

मप्र के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के जिलों में गर्मी बेहाल कर रही है। राते जहां गर्म हो रही है। वहीं कई जिलों में पारा 43 डिग्री पार हो गया है। आंधी-बारिश के बीच मध्यप्रदेश में गर्मी के यह तेवर शुक्रवार खजुराहो, ग्वालियर और छतरपुर में देखने को मिला। रीवा, मऊगंज और उमरिया जिलों में दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही है।

मौसम विभाग ने आगामी समय में प्रदेश के उत्तरी जिलों में क्रमशः तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोत्तरी का अनुमान जताया है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री खजुराहो में दर्ज किया गया। इसके बाद ग्वालियर 43.0, छतरपुर का नौगांव 42.7 और सतना, रीवा और शिवपुरी में यह 42.0 डिग्री सेल्सियश दर्ज किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में गर्मी का असर बढ़ने की संभावना है। उत्तरी हिस्से के जिलों में हीट वेव यानी गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है।



**इन जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी रहेगी:** मौसम विभाग की मानें तो मई महीने में ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगढ़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में पारा 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। इनमें ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ मालवा-निमाड़ के कुछ शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, निवाड़ी के पृथ्वीपुर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**भोपाल सहित कई संभागों में बारिश**

इधर मप्र के दक्षिणी पश्चिमी क्षेत्र में मौसम बदला हुआ है। भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर संभागों में जहां कहीं-कहीं वर्षा की संभावना है। शुक्रवार को डिंडौरी, सिवनी, बुरहानपुर, खरगोन, मंडला, अनूपपुर, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा, बैतूल, धार, खरगोन समेत कई जिलों में मौसम बदला रहा। यहां आंधी और बादल वाला मौसम देखने को मिला। भोपाल में सुबह बादल रहे। दिन में तेज धूप खिली रही है। जबकि आज शनिवार आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। दोपहर-शाम गरज के साथ छींटे पड़ने और हल्की बारिश की संभावना बनी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नवीन आनंद जोशी द्वारा सुपर प्रिंटिंग प्रेस, 17 चौकी तलैया, भोपाल से मुद्रित एवं ई-100/22, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक- नवीन आनंद जोशी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।